जबलपुर
मंगलवार 6 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 21, अंक : 154
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 20

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारतीय धरा पर जन्मे शावकों की पीढ़ी ले रही अंगड़ाइयां



मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को दिया जन्म, अब संख्या 60

कूनो में गूंजी चीतों की 'नई पीढ़ी' की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर/भोपाल

श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट अंतर्गत 5 अक्टूबर सोमवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई। भारतीय धरती पर जन्मी 32 माह की मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या बढ़कर अब 60 हो गई है, इसमें से 41 भारतीय धरती पर जन्में चीते शामिल है। भारत में जन्मी मादा चीता केजेपी-12 और मुखी के बाद केजेपी-21 तीसरी मादा चीता है, जिसने भारतीय धरती पर शावकों को जन्म दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़ी टीम को दी बधाई



जन्मे नन्हे शावकों का दृश्य

भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत

केजेपी-21 के पांच शावकों का जन्म एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी लेकर आया है। इनका पिता बोत्स्वाना से लाया गया नर चीता है। इन शावकों के जन्म के साथ भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत हुई है। इससे देश में बढ़ती चीता आबादी में एक नई अनुवांशिक वंशावली का समावेश हुआ है।

सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 आज.. युवाओं की आकांक्षाओं को अवसरों से जोड़ेगा

मुख्यमंत्री करेंगे 20 हजार युवाओं से 'सीधा संवाद'

- रोजगार, कौशल, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियां होंगी प्रमुख केंद्र
- सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे की सुरमयी प्रस्तुतियां होंगी विशेष आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की युवा शक्ति की प्रतिभा, आकांक्षाओं और नवाचार को नई संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन मंगलवार को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित होगा। इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 हजार से अधिक युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। इस आयोजन में 17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं के युवा भाग लेंगे।

नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे

इस कॉन्क्लेव में विभागों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे। इनमें रोजगार, प्रशिक्षण, कॅरियर, उद्यमिता, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और शासकीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी। युवा शक्ति के इस महोत्सव में संवाद और मार्गदर्शन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

Dinh
खरौंसगढ़ एवं गारपगेरा का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

सुप्रीम कोर्ट में 3 नए जज नियुक्त, संख्या 37 हुई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनमें गुजरात हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह शामिल हैं।



गूगल जेमिनी के फ्री यूजर्स पर बढ़ी पाबंदी

नई दिल्ली। गूगल अपने जेमिनी एआई मॉडल्स की उपलब्धता को लेकर 9 अक्टूबर से नए नियम लागू करने जा रहा है। कंपनी फ्री और एंट्री-लेवल एआई प्लस यूजर्स के लिए मॉडल एक्सेस सीमित करेगी। फ्री यूजर्स को केवल फ्लैश-लाइट मॉडल मिलेगा। प्रो मॉडल का एक्सेस हटा दिया।



किसान पर बाघ ने किया हमला, मौके पर मौत

सिवनी। कुरई वन परिक्षेत्र के ग्राम सेवनकनहार में बाघ के हमले में 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान मवेशी चराने के लिए जंगल की सीमा से लगे क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।



एसआईआर पर सुनवाई | सुप्रीम कोर्ट ने कहा - उम्मीद है कि सैवधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी

संशोधित फॉर्म 6 को हमने मंजूरी नहीं दी, पता लगाएंगे बदलाव किसने किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसे उम्मीद है कि संवैधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले में चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि एसआईआर, फॉर्म-6 में बदलाव और चुनाव आयोग के कई अन्य फैसले कानून में निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए लिए गए। याचिकाओं में कहा गया कि चुनाव आयोग से जुड़े कानून के मुताबिक फैसले सर्वसम्मति से या बहुमत से लिए जाने चाहिए।



जस्टिस सूर्यकांत

सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज



ज्ञानेश कुमार

राहुल बोले- फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा तरीके से बदलाव किया

राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में 'गैरकानूनी और एकतरफा' तरीके से बदलाव किया। उन्होंने चुनाव आयोग की 26 सितंबर की प्रेस नोट का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उनके पद का इस्तेमाल कर भाजपा की मदद करने का एक और सबूत है।



राहुल गांधी

चुनाव आयोग में एकतरफा फैसलों का आरोप

आयोग के जवाब का इंतजार

याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा फैसले लिए। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग का जवाब आने तक यह मानकर चलना होगा कि आयोग के फैसले कानून के अनुरूप लिए गए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी रिपोर्ट के सही या गलत होने के आधार पर अदालत आदेश पारित नहीं कर सकती। पहले निर्वाचन आयोग का जवाब आने का इंतजार किया जाएगा।

केंद्र और निर्वाचन आयोग को जारी किया नोटिस

क्या है फॉर्म 6 का विवाद?

विवाद ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर है। एसआईआर के दौरान नए मतदाताओं से खुद को या अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी को पिछली मतदाता सूची से जोड़ने वाली जानकारी मांगी गई थी। आरोप है कि फॉर्म 6 में यह अतिरिक्त आवश्यकता औपचारिक नियम संशोधन के बिना जोड़ी गई।

आज चुनाव आयोग का घेराव करेगी कांग्रेस

कांग्रेस सहित 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव करेंगे। इसे लेकर दिल्ली के इंदिरा भवन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें सभी प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी और पार्टी के विभिन्न संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। इसमें रणनीति तैयार की गई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव संबोधित करते हुए

सीएम ने कहा-पदोन्नति की प्रक्रिया निरंतर गंगा की अविरल धारा की तरह रहेगी जारी

कृषि विभाग में 1500 नई भर्ती जल्द, 3357 को मिला प्रमोशन

अधिकारियों को निर्देश- केवल पुराने लंबित मामलों को निपटाने से काम नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज:भोपाल। मप्र में रिक्त सरकारी पदों पर हो रही भर्तियों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार पूरी शिद्दत के साथ विभिन्न विभागों में भर्तियां कर रही है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि केवल पुराने लंबित मामलों को निपटाने से काम नहीं चलेगा। अब हर साल डीपीसी की जाएगी। इससे कर्मचारियों को समय पर उनका हक मिल सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पदोन्नत शासकीय सेवकों की ओर से रविंद्र भवन में आयोजित आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

पिछले कुछ समय से अधिकारी डीपीसी करना ही भूल गए थे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा अधिकारी पिछले कुछ समय से विभागीय पदोन्नति (डीपीसी) करना ही भूल गए थे। इस वजह से रिकॉर्ड न मिलने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। हमने साफ कह दिया कि जो मर्जी आए करना पड़े, लेकिन प्रमोशन तो करना पड़ेगा, उसे छोड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वर्ष की डीपीसी भी इसी साल पूरी की जाए, ताकि पात्र कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिले।

यूपी राज्यसभा में भाजपा का बदलाव

आठ नए चेहरों पर दांव पुरी, वर्मा को टिकट नहीं



श्रुति गंगवार | प्रकाश पाल | प्रियंका रावत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए 8 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है।

'चिता आंदोलन' सोमवार को भी जारी

पन्ना जेल से रीवा के संजय अस्पताल भेजे गए अमित



■ बोले- बेड से भी जारी रहेगा अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पन्ना

मझगांय डैम परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर चल रहा 'चिता आंदोलन' सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल जनअधिकार कार्यकर्ता अमित भटनागर को सात दिन के आमरण अनशन के बाद पन्ना जेल से रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बनाया बसपा का राष्ट्रीय संयोजक

मायावती ने फिर आकाश आनंद को दे दिया मौका



■ बोलीं- व्यक्तित्व और कार्यशैली में बदलाव आया

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी है। उन्होंने आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है।

अच्छी खबर : आसमान में मसीहा बने डॉक्टर

दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो उड़ान में चार डॉक्टरों ने बचाई महिला की जान

उड़ान में बिगड़ी 32 वर्षीय किडनी मरीज की हालत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आसमान में उड़ते विमान में जब 32 वर्षीय महिला की सांसें उखड़ने लगीं तो चार डॉक्टर उसके लिए मसीहा बनकर सामने आए। दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो की उड़ान में 3 अक्टूबर को क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन गिरकर करीब 40 प्रतिशत पहुंच गया और उसे सांस लेने में बेहद परेशानी होने लगी। केबिन क्रू ने विमान में डॉक्टर की मदद के लिए घोषणा की।



डॉक्टरों ने ऑक्सीजन दिया

इसके बाद गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. बेंजामिन खियांगटे, पीडियाट्रिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. एफ. रेमथांगपुई और जनरल सर्जन डॉ. विली लालहुइटलुआंगा तुरंत मदद के लिए पहुंचे। विमान में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक और पूर्व केंद्रीय मंत्री भागवत कराड ने भी शुरुआत में करीब 30-35 मिनट तक महिला की देखभाल की थी। डॉक्टरों ने महिला को ऑक्सीजन और इनहेलर दिया तथा स्टेरॉयड देने के बाद उसका ऑक्सीजन स्तर कुछ समय के लिए 70-80 प्रतिशत तक पहुंचा।

शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग पर राहुल गांधी ने सीएम डॉ. यादव को लिखा पत्र

प्रदेश में एक लाख से ज्यादा पद खाली सीमित भर्ती से योग्य युवा नौकरी से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-2 और वर्ग-3 के पद बढ़ाने की मांग की है।

29 सितंबर को लिखे पत्र में उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-3 के 13,089 और वर्ग-2 के 10,800 पद ही निर्धारित किए गए हैं। सीमित पदों के कारण युवाओं को स्थायी नौकरी नहीं मिल पा रही है। लंबे इंतजार के चलते कई अभ्यर्थी निर्धारित आयु सीमा के करीब पहुंच गए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने के लिए अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। राहुल ने मुख्यमंत्री से आंदोलनरत अभ्यर्थियों को भेजे गए नोटिस तत्काल वापस लेने और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी बात सुनने का अनुरोध किया। उन्होंने वर्ग-2 और वर्ग-3 में पदवृद्धि के साथ दूसरे चरण की काउंसलिंग जल्द शुरू करने की मांग भी की।

आंदोलनरत अभ्यर्थियों के नोटिस वापस लेने की मांग



रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की तकनीक 'ऑप्टोजेनेटिक्स' खोजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2026 के फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल को ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। तीनों वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे रोशनी की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित करना संभव हुआ। उनकी खोज ने न्यूरोसाइंस में शोध के नए रास्ते खोले हैं। पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल ने एक-कोशिका वाले शैवाल में 'चैनलरोडोप्सिन' नाम के प्रोटीन की खोज की।

चिकित्सा का नोबेल...कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल बने विजेता

दिमागी कोशिकाओं को कंट्रोल करने की तकनीक से डिप्रेशन-मानसिक बीमारियों को समझना आसान हुआ



कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल

कार्ल डिसेरोथ ने बनाया रोशनी का स्विच

कार्ल डिसेरोथ ने इस खोज को तंत्रिका विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने चूहों की तंत्रिका कोशिकाओं में चैनलरोडोप्सिन का जीन डालकर नीली रोशनी के जरिए नर्व सिग्नल शुरू करने में सफलता हासिल की। 2005 में उनकी इस महत्वपूर्ण खोज का प्रकाशन हुआ और बाद में उन्होंने जीवित चूहों के दिमाग में भी इस तकनीक को सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की इस तकनीक को 'ऑप्टोजेनेटिक्स' कहा गया। इसके जरिए वैज्ञानिक यह समझने में सक्षम हुए कि मस्तिष्क में न्यूरल सर्किट किस तरह यादों, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। इसका इस्तेमाल न्यूरोलॉजिकल और मनोरोग संबंधी बीमारियों के अध्ययन के साथ-साथ दृष्टिबाधित लोगों की रोशनी वापस लाने के प्रयासों में भी किया जा रहा है।


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
सीएम यूथ कॉन्क्लेव 2026
युवा सोच, नये अवसर, एक साझा मंच
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
प्रख्यात गायक
जुबिन नौटियाल
एवं कबीर कैफे बैंड
द्वारा
भव्य लाइव प्रस्तुति
प्रात: 10:00 बजे
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के साथ
6 अक्टूबर, 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
लाल परेड ग्राउंड, भोपाल
70+ स्टॉल, 15 विभागों की संयुक्त भागीदारी
युवाओं को अवसर, कौशल, रोज़गार, नवाचार एवं संभावनाओं से जोड़ने हेतु समर्पित मंच
स्टार्टअप एवं उद्यमिता
युवा उद्यमियों के फार्मास्युटिकल, मैन्युफैक्चरिंग, AI/मशीन लर्निंग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों के स्टार्टअप्स की सहभागिता एवं प्रस्तुति
युवा नवाचार एवं प्रदर्शनी
AI, साइबर सिक्योरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, विज्ञान एवं नवाचार, कृषि क्षेत्र में रोज़गार, फ्यूचर रेडी एजुकेशन और टेक्नोलॉजी पर केन्द्रित
सार्वजनिक एवं निजी विश्वविद्यालयों की सहभागिता
विश्वविद्यालयों द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन, नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी शिक्षा एवं रोज़गार के अवसरों की जानकारी
कॅरियर एवं कौशल के अवसर
कौशल विकास, कॅरियर मार्गदर्शन और रोज़गार से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर
शासकीय योजनाओं की जानकारी
पात्रता, पंजीयन, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित स्टॉल
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11136/26

ये चार बातें भोजन या जल अर्पण स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना एक समान

दुनिया भर में पूर्वजों की यादः भारत के पितृपक्ष से मेक्सिको के 'डे ऑफ द डेड'तक एक जैसी श्रद्धा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदू धर्म में पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को तर्पण और पिंडदान अर्पित करने की परंपरा सदियों पुरानी है, लेकिन अपने दिवंगत परिजनों को याद करने की यह भावना केवल भारत तक सीमित नहीं है। दुनिया के लगभग हर कोने में अलग-अलग नामों और तरीकों से पूर्वजों के प्रति श्रद्धा जताई जाती है। कर्मकांड भले अलग हों, मूल भाव एक ही है।

पूर्वज परिवार के कल्याण से जुड़े रहते हैं। जानकारों के अनुसार भोजन या जल अर्पण, दीप या धूप जलाना, स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना, ये चार बातें लगभग हर परंपरा में समान हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि संस्कृतियाँ भले अलग हों, अपने पूर्वजों को सम्मान देने की मानवीय भावना सार्वभौमिक है।



एआई इमेज



भारत में पूजन और ब्राह्मणों को भोजन अनिवार्य

भारत और नेपाल में पितृपक्ष

हिंदू मान्यता के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या (सर्वपितृ अमावस्या) तक के 15-16 दिन पितृपक्ष कहलाते हैं। इस अवधि में जल अर्पण यानी तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। बिहार के गया, वाराणसी, हरिद्वार, उज्जैन और प्रयागराज जैसे तीर्थों में पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। नेपाल में भी यह परंपरा श्राद्ध या पितृ तर्पण के नाम से निभाई जाती है।

पूर्वी एशिया में दीप, भोजन और नृत्य

चीन, ताइवान और हांगकांग में अप्रैल की शुरुआत में छिंगमिंग पर्व मनाया जाता है, जब लोग कब्रों की सफाई कर भोजन, फूल और धूप चढ़ाते हैं। चंद्र कैलेंडर के सातवें महीने में घोस्ट फेस्टिवल मनाया जाता है, जिसमें



एआई इमेज

पूर्वजों और भटकती आत्माओं के लिए भोजन अर्पित किया जाता है। इसे पितृपक्ष से काफी मिलता-जुलता माना जाता है। वियतनाम में इसे वू लान कहा जाता है। जापान में अगस्त के दौरान ओबोन पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस समय पूर्वजों की आत्माएँ घर लौटती हैं। परिवार लालटेन जलाते हैं, कब्रों पर जाते हैं और बोन ओदोरी नृत्य करते हैं। कोरिया में फसल पर्व छुसोक के अवसर पर चारऐ रस्म निभाई जाती है, जिसमें पूर्वजों के लिए विशेष भोजन सजाया जाता है।



मेक्सिको में उत्सव जैसा माहौल

मेक्सिको में 1-2 नवंबर को 'दिया दे लॉस मुएर्तोस' मनाया जाता है। घरों में पूर्वजों की तस्वीरों के साथ वेदी सजाई जाती है, जिस पर गेंदे के फूल, उनका पसंदीदा भोजन और मोमबत्तियाँ रखी जाती हैं। यहाँ माहौल शोक से अधिक उत्सव का होता है।

दक्षिण-पूर्व एशिया में दान की परंपरा

थाईलैंड में पूर्वजों के नाम पर भिक्षुओं को भोजन दान किया जाता है। कंबोडिया में पंद्रह दिन चलने वाले 'पचुम बेन' पर्व में लोग मंदिरों में जाकर दान करते हैं, जो पितृपक्ष की अवधि से मेल खाता है।



एआई इमेज

यूरोप, अफ्रीका और अन्य धर्म

कैथोलिक ईसाई परंपरा में 2 नवंबर को 'ऑल सोल्स डे' मनाया जाता है, जब पोलैंड, इटली और फ्रांस जैसे देशों में लोग कब्रिस्तान जाकर मोमबत्तियां जलाते हैं। आयरलैंड और स्कॉटलैंड का प्राचीन सेल्टिक पर्व सैमहेन आज के हैलोवीन का स्रोत माना जाता है। घाना और नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी समुदायों में पूर्वजों को पेय अर्पित करने की परंपरा है। इस्लाम में कर्मकांड के बजाय दुआ, कुरान की तिलावत और सदके पर जोर रहता है, और शब-ए-बरात पर लोग कब्रिस्तान जाकर दुआ करते हैं।

खबर संक्षेप

भारतीयःशर्मिला वुमेन्स हॉल ऑफ फेम में

वॉशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी समाजसेवी शर्मिला मोना सिन्हा को अमेरिका के 'नेशनल वुमेन्स हॉल



ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। उनसे पहले पेप्सिको की सीईओ इंद्रा नूयी को यह सम्मान मिला था। कोलकाता में जन्मी सिन्हा को 24 सितंबर को न्यूयॉर्क के सेनेका फॉल्स स्थित हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। वह 'इक्वेलिटी नॉऊ' की मुख्य कार्यकारी हैं।

भारतीय रेस्तरां में आग दो नाबालिगों को सजा

लंदन। पूर्वी लंदन के भारतीय रेस्तरां 'इंडियन अरोमा' में आग लगाने के मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को 10-10 साल की



हिरासत की सजा सुनाई गई है। अगस्त 2025 में दोनों चाकू लेकर गैंट्स हिल स्थित रेस्तरां में घुसे और दरवाजे बंद कर दिए। तीसरे व्यक्ति ने अंदर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के समय आठ ग्राहक खाना खा रहे थे, जिनमें कई झुलस गए। लंदन की ओल्ड बेली अदालत ने कहा कि आरोपियों को पता था कि उनके कृत्य की मौत हो सकती है।

व्यापार-निवेश से लेकर तकनीक और मोबिलिटी तक सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

भारत-स्विट्जरलैंडःरिश्तों को मिलेगी नई उड़ान, मोदी-परमेलिन ने बनाई 'रणनीति'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीईपीए की पहली वर्षगांठ पर आर्थिक रिश्तों पर जोर | प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत कई मुद्दों पर सहमति

व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। बैठक में व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही बहुपक्षीय मंचों पर भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।



पीएम मोदी एवं राष्ट्रपति परमेलिन

इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति परमेलिन से मुलाकात की। उन्होंने भारत-ईएफटीए टीईपीए की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और दोनों देशों की साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और परमेलिन की बैठक से व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलेगी।

टीईपीए: भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की पहली वर्षगांठ पर भारत-स्विट्जरलैंड आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने की तैयारी है। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने समझौते के लागू होने के बाद कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को उत्साहजनक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीईपीए आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार को तेजी से बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस बयान में पार्मेलिन ने कहा कि समझौते को जमीन पर लागू करने की प्रक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि टीईपीए दोनों देशों के लिए 'विन-विन' स्थिति पैदा करता है। स्विट्जरलैंड की मजबूत तकनीक, वैश्विक कंपनियां और नवाचार क्षमता को भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, कुशल कार्यबल और बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता का लाभ मिल सकता है। पार्मेलिन ने कहा कि टीईपीए सिर्फ व्यापार शुल्क में राहत देने वाला समझौता नहीं है, बल्कि टिकाऊ विकास, रोजगार और लंबे समय के निवेश का आधार तैयार करता है। इससे नवाचार और पूंजी प्रवाह को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीईपीए निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्वाकांक्षी खाका है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए परमेलिन

परमेलिन प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय भारत यात्रा है। हालांकि, इस वर्ष फरवरी में वे नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए थे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारी नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। यात्रा का मुख्य फोकस व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और मोबिलिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

भारत-यूएई ने खोले व्यापार और निवेश बढ़ाने के नए रास्ते

ऊर्जा, रक्षा एवं तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापार, निवेश और कारोबारी साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की है। दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी ने यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की समीक्षा की गई।

भारत-फ्रांस के लिए आगे बढ़ने का शानदार मौका है एफटीए : मंत्री हद्दाद

फ्रांस के मंत्री बेंजामिन हद्दाद ने एफटीए को नई दिल्ली और पेरिस दोनों के लिए वर्तमान परिदृश्य में काफी अहम बताया है। फ्रांस के यूरोप मामलों के मंत्री हद्दाद तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। सोमवार को उन्होंने म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में हिस्सा लिया।



कांगो में बड़ा नाव हादसा!

दो मोटरबोट की टक्कर में 30 लोगों की मौत, दर्जनों लापता



हादसे का दृश्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांगो नदी में रविवार को दो नावों के आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। ये हादसा इक्वातेउर के नगोम्बे-लुकोलेला इलाके के पास हुआ. स्थानीय प्रशासन और बचाव टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों की तलाश की जा सके। अफ्रीकी देश कांगो की कांगो नदी में दो नावें आपस में टकराने से बड़ा हादसा हो गया है। रविवार को हुए इस हादसे में 30 लोगों की जान चली गई है, वहीं दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले सभी 30 लोगों के शवों को बरामद कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई ये दोनों लकड़ी से बनी मोटर से चलने वाली नावें अलग-अलग दिशाओं में जा रही थीं। एक नाव देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में स्थित उबांगुई से राजधानी किंशासा की तरफ आ रही थी।

वहीं, दूसरी नाव किंशासा से लुकोलेला की ओर जा रही थी। शुरुआती जांच में अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि दोनों नावें आपस में कैसे टकराईं और इस हादसे की असल वजह क्या थी।

समय पूर्व चुनाव का ऐलान

स्पेनः आवासीय संकट और भारी विरोध प्रदर्शन के बीच बैकफुट पर आई सरकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्पेन में आवासीय संकट के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। देश की संसद में करारी हार के बाद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को समय से पहले चुनाव कराने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने यह एलान ऐसे समय पर किया जब देशभर में उनकी सरकार आवासीय संकट को लेकर बैकफुट पर है। पिछले हफ्ते देश में आवासीय संकट से जुड़े आपातकालीन उपायों को लेकर उनकी सरकार को संसद में करारी हार का सामना करना पड़ा था। प्रधानमंत्री सांचेज के एलान के बाद चुनाव की तारीख 29 नवंबर को तय की गई है। बता दें कि हाल के हफ्तों में, स्पेन के लोगों ने सरकार से घरों की किफायती कीमतों को लेकर समाधान की मांग की है। इस बीच पिछले महीने मैड्रिड में एक 87 वर्षीय महिला को घर से बेदखल किए जाने का मामला सामने आया। इस घटना का वीडियो टीवी पर भी जमकर प्रसारित किया गया। इसके बाद पूरे देश में लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। इस घटना के विरोध में देश भर के शहरों में जमकर विरोध प्रदर्शन हुए।



पेट्रोल डीजल होगा सस्ता?

सऊदी अरब ने कच्चे तेल पर दिया 6 साल का सबसे बड़ा डिस्काउंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी ने भारत समेत एशियाई देशों के लिए कच्चे तेल पर 6 साल का सबसे बड़ा डिस्काउंट दिया। कच्चे तेल की कीमतों को लेकर एक तरफ दुनिया में टेंशन बढ़ी हुई है, वहीं दूसरी तरफ भारत समेत एशियाई देशों के लिए सऊदी अरब से एक राहत वाली खबर आई है। सऊदी अरामको ने एशियाई खरीदारों के लिए अपने प्रमुख अरब लाइट क्रूड की नवंबर कीमत में 3 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की है। ये जून 2020 के बाद सबसे बड़ा डिस्काउंट है। ये फैसला ऐसे समय आया है जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुका है। अब



सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस फैसले के बाद भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम कम होंगे या नहीं? सऊदी अरामको ने नवंबर के लिए एशियाई खरीदारों को अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान और दुबई क्रूड के औसत से 5 डॉलर प्रति बैरल नीचे रखी है। अक्टूबर में यही अंतर 2 डॉलर प्रति बैरल था। यानी एक महीने में डिस्काउंट 3 डॉलर बढ़ गया। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक ये 6 साल से ज्यादा समय में सबसे बड़ा डिस्काउंट है। सिर्फ अरब लाइट ही नहीं, सऊदी ने एशिया के लिए अरब मीडियम और अरब हेवी ग्रेड की कीमत में भी 5 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की है। खास बात ये है कि बाजार के जानकारों को कीमत घटने की उम्मीद नहीं थी। रॉयटर्स के सर्वे में नवंबर के लिए करीब 3 डॉलर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया था। सऊदी की ओर से क्रूड सस्ता करने की खबर ऐसे समय आई है, जब दूसरी तरफ कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। यमन के हूती संगठन ने सऊदी अरामको की कुछ साइट्स पर मिसाइल और ड्रोन हमले का दावा किया है। इससे सऊदी की तेल सप्लाई को लेकर बाजार में चिंता बढ़ी।



पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हॉलीवुड मसाला



भारत की मेहमान नवाजी ने

जीता दिल

लॉस एंजेलिस। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है। अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।



एवेंजर्स- एंडगेम एनकोर फिर टॉप पर पहुंची फिल्म

लॉस एंजेलिस। हाल ही में सिनेमाघरों में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' को 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' टाइटल के साथ दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म ने देश में तो कोई खास कमाई नहीं की पर दुनियाभर में इसने खूब कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब यह फिल्म 'अवतार' को पछाड़कर कर दुनियाभर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'एंडगेम एन्कोर' को लेकर फिल्ममेकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हुई कि दर्शक एक बार फिर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए कहा, 'हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठे थे।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद अप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं।



सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

टीवी मसाला

विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए।



बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे। विनर के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।

मेरी कोई बेनामी संपत्ति नहीं



मुंबई। आयकर विभाग की छापेमारी के सप्ताहभर बाद सोमवार को रुकल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। रकुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि वे पूरी ईमानदारी से टैक्स भरती हैं। वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं। साथ ही सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। रकुल प्रीत सिंह के हालिया पोस्ट में उनका दुख छलका है। उन्होंने कुछ ऑनलाइन रिपोर्टर पर बिना तथ्यों के खबरों की सनसनी बनाने का आरोप लगाया है। रकुल ने आईडी रेड को लेकर लिखा है, 'वह तलाशी मेरे बारे में नहीं थी। मैं बताना चाहती हूं कि मैं आर्म्ड फोर्सेज (सशस्त्र बलों) की पृष्ठभूमि से आती हूं। इंडस्ट्री में मेरा कोई 'गॉडफादर' नहीं था। मैंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है और कानून का पालन करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर 20 साल की उम्र से ही अपने टैक्स भरती आ रही हूं'।

ऋचा ने 2026 को नहीं माना कंटेंट सिनेमा का साल

मुंबई। अगस्त में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, 'अगर यह 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है। 'ऑब्सेशन' हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, 'पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

एआई से मेरी तस्वीरों में न करें बदलाव

मुंबई। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं करने की अपील की है। एक्ट्रेस ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को उसी मूल रूप में इस्तेमाल किया जाए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब सेलिब्रिटीज की एआई जनरेटेड तस्वीरों, डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। यामी गौतम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए मीडिया से खास तौर पर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान खींची गई उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से बदलने, सुधारने या किसी अन्य तरीके से एडिट करने से बचा जाए। यामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मीडिया से उनका विनम्र अनुरोध है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को एआई के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही किया जाना चाहिए।



इस सप्ताह ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का भरपूर खजाना

मुंबई। सिनेमाघरों में 'दृश्यम 3' लगी हुई है। इस हफ्ते भी थिएटर में कॉमेडी का तड़का लगाने 'उड़ता तीर' की आमद होगी । मगर, ओटीटी पर भी खजाना भरपूर मिलेगा। इस हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परिणीति चोपड़ा की इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर से लेकर तमिल भाषा की एक्शन फिल्म तक, कई शानदार विकल्प रहेंगे।

सुपर बूमी : यह एक एनिमेटिड सीरीज है, जो 5 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह पारिवारिक मनोरंजन सीरीज है। इसमें बूमी और उसके दोस्तों ने अपनी एक वर्चुअल गेमिंग दुनिया बनाई है, जहां उनका सामना नई-नई चुनौतियों और एडवेंचर्स से होता है।

मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बिलो : यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है।

'रिपोर्टिंग लाइव' : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 9 अक्टूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 9 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट: अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।

एनिमल्स : यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 9 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे : टॉम हॉलैंड अभिनीत मार्वल्स की 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भी इस वीक ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे 6 अक्टूबर 2026 से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

अधारताल की सफाईकर्मी लक्ष्मी मंडल 2 साल बाद होंगी सेवानिवृत्त, शारीरिक तकलीफ के बावजूद निभा रहीं जिम्मेदारी

कमर में दर्द, उम्र 60 पार... फिर भी टाइम पर ड्यूटी

शहर के जागने से पहले ही कई हाथ सड़कों और गलियों को साफ करने में जुट जाते हैं। इन्हीं मेहनतकश हाथों में एक नाम है लक्ष्मी मंडल का। अधारताल क्षेत्र में सफाईकर्मी के रूप में काम कर रहीं लक्ष्मी मंडल की उम्र 60 वर्ष पार हो चुकी है। कमर में तकलीफ रहती है और सेवानिवृत्ति में करीब दो साल का समय बाकी है। इसके बावजूद वे रोज समय पर ड्यूटी पहुंचती हैं और अपने कार्यक्षेत्र में सफाई की जिम्मेदारी निभाती हैं।



जबलपुर। सफाई का काम शारीरिक मेहनत वाला है। बढ़ती उम्र के साथ कमर की परेशानी के बीच इसे नियमित रूप से करना आसान नहीं होता। इसके बावजूद लक्ष्मी मंडल की दिनचर्या में ड्यूटी के प्रति लापरवाही नहीं दिखती। वे अधारताल के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का काम करती हैं और अपनी जिम्मेदारी पूरी करने का प्रयास करती हैं।

शरीर आराम मांगता है, लेकिन जिम्मेदारी जारी है

उम्र के इस पड़ाव पर जब शरीर आराम की मांग करता है, लक्ष्मी मंडल रोज काम के लिए निकलती हैं। कमर की तकलीफ उनके लिए चुनौती जरूर है, लेकिन उन्होंने इसे अपनी ड्यूटी के आड़े नहीं आने दिया। उनके लिए नौकरी केवल रोज की उपस्थिति नहीं, बल्कि सौंपे गए काम को पूरा करने की जिम्मेदारी है। उनकी कहानी शहर की स्वच्छता व्यवस्था के उस हिस्से की ओर भी ध्यान खींचती है, जो आमतौर पर लोगों की नजरों से दूर रहता है। साफ सड़क और स्वच्छ गलियां दिखाई देती हैं, लेकिन उन्हें साफ करने वाले कर्मचारियों की मेहनत और उनकी व्यक्तिगत परेशानियां अक्सर चर्चा में नहीं आतीं।

सेवानिवृत्ति करीब, दिनचर्या वही

लक्ष्मी मंडल की सेवानिवृत्ति में करीब दो वर्ष बाकी हैं। नौकरी के अंतिम पड़ाव में भी उनके काम करने की दिनचर्या बनी हुई है। उम्र और कमर की परेशानी के बावजूद समय पर ड्यूटी पहुंचना उनके अनुशासन और काम के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। हालांकि ऐसे कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों पर ध्यान देना भी जरूरी है। लंबे समय तक शारीरिक मेहनत करने वाले कर्मचारियों को उनकी उम्र और स्वास्थ्य के अनुरूप सुविधाएं मिलें तो वे बेहतर और सुरक्षित तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा सकेंगे।

शहर की सफाई में इन हाथों की अहम भूमिका

स्वच्छ शहर केवल व्यवस्था और संसाधनों से नहीं बनता। इसे जमीन पर लागू करने वाले सफाईकर्मियों की मेहनत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। लक्ष्मी मंडल जैसे कर्मचारी रोज अपने हिस्से का काम करते हैं, तभी सड़कें और गलियां साफ दिखाई देती हैं। लक्ष्मी मंडल की कहानी इसी मेहनत की एक छोटी-सी तस्वीर है—उम्र बढ़ रही है, कमर में तकलीफ है, सेवानिवृत्ति नजदीक है, फिर भी ड्यूटी का समय होने पर वे काम पर पहुंचती हैं।

इनका सम्मान भी जरूरी

शहर को साफ रखने वाले कर्मचारियों की मेहनत को पहचानना जरूरी है। लक्ष्मी मंडल का उदाहरण यह बताता है कि रोजमर्रा की स्वच्छता के पीछे ऐसे कई कर्मचारी हैं, जो अपनी व्यक्तिगत परेशानियों के बीच भी जिम्मेदारी निभाते हैं।

- एफएसएल में राजू जाटव भ्रूण का जैविक पिता नहीं निकला
- हाईकोर्ट ने विशेष टीम गठित करने के दिए निर्देश

बागेश्वर धाम में नाबालिग से दुष्कर्म मामले की जांच का दायरा बढ़ा

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बागेश्वर धाम में 16 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए छतरपुर एसपी को विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने राजू जाटव की दूसरी जमानत अर्जी निरस्त करते हुए टीम को यह पता लगाने के निर्देश दिए कि नाबालिग का यौन उत्पीड़न किसने किया और उसके गर्भ से मिले भ्रूण का जैविक पिता कौन है। जांच दो माह में पूरी करने को कहा गया है।

प्रकरण में जांच के दौरान



नाबालिग करीब दो माह की गर्भवती मिली थी। गर्भपात के बाद भ्रूण सुरक्षित रखकर एफएसएल जांच कराई गई। रिपोर्ट में राजू जाटव को भ्रूण का जैविक पिता नहीं पाया गया। कोर्ट में नाबालिग ने राजू द्वारा दुष्कर्म किए जाने से इनकार किया, जबकि पुलिस के समक्ष दर्ज बयानों में उसने राजू पर बागेश्वर धाम में जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इधर, तीन अक्टूबर की रात धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने महिलाओं और माताओं से अकेले बागेश्वर धाम नहीं आने तथा अनजान लोगों और सेवादारों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करने की अपील की। हालांकि उनकी अपील में इस प्रकरण का कोई उल्लेख नहीं था।

हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार चुनाव में पहले दिन 12 नामांकन दाखिल

जबलपुर। हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 12 नामांकन दाखिल किए गए। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख मंगलवार है। चुनाव के लिए 15 अक्टूबर को मतदान होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश पांडे ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने नामांकन दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद के लिए नवीन दुबे और विक्रम सिंह, सचिव पद के लिए राजमणि मिश्रा और विकल्प सोनी तथा सह-सचिव पद के लिए रनवीर सिंह ने नामांकन जमा किया। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए भास्कर पांडे और पुस्तकालय सचिव पद के लिए अलका सिंह ने नामांकन दाखिल किया। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए माधवी चतुर्वेदी, आशीष मिश्रा, रुचिका गोहिल और सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने नामांकन जमा किए। मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार चुनाव में बार एसोसिएशन के 505 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर और अधिक स्पष्ट होगी।

थीसिस गाइड बदलने और समय बढ़ाने की मांग वाली याचिका निरस्त

बिना ठोस आधार हाईकोर्ट पहुंचे दो डाक्टर, लगा 20हजार रु. जुर्माना

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पीजी मेडिकल छात्रों की याचिका को गलतफहमी पर आधारित मानते हुए निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने खंडवा मेडिकल कालेज के दो डाक्टरों पर कुल 20 हजार रुपये की कॉस्ट लगाई। दोनों को 10-10 हजार रुपये चार सप्ताह में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर में जमा करने होंगे।

याचिकाकर्ताओं ने थीसिस गाइड डा. सौरभ जैन के खंडवा से मंदसौर स्थानांतरण का हवाला देते हुए नया गाइड नियुक्त करने और थीसिस जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग की थी। उनका कहना था कि गाइड के स्थानांतरण से शोध कार्य प्रभावित हो रहा है। सुनवाई के दौरान रिकार्ड से सामने आया कि डा. जैन को स्थानांतरण के बाद भी दोनों छात्रों का थीसिस मार्गदर्शन जारी रखने की अनुमति मिली हुई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे साबित हो कि डा. जैन ने मार्गदर्शन करने से इनकार किया हो। कोर्ट ने पाया कि खंडवा मेडिकल कालेज में संबंधित विषय में अन्य प्रोफेसर उपलब्ध नहीं था, इसलिए डा. जैन को ही मार्गदर्शन जारी रखने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि छात्रों के सामने केवल मंदसौर जाकर गाइड से मार्गदर्शन लेने की व्यावहारिक कठिनाई थी। इसे गाइड की अनुपलब्धता बताकर याचिका दायर करना उचित नहीं था। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि याचिका के कारण मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जमानती वारंट तक जारी करने की स्थिति बनी।

शातिर बदमाश पिस्टल और 3 कारतूस के साथ गिरफ्तार

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लार्डगंज पुलिस ने एक युवक को देशी पिस्टल और तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़ एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 4 अक्टूबर की रात जीरो डिग्री बायपास के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को पकड़कर तलाशी ली गई। आरोपी की पहचान आकाश कुशवाहा (21), निवासी ग्राम मंगेली-मंगेला, थाना माढ़ोताल के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और मैगजीन में लोड तीन कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर हथियार के स्रोत के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अंदेश त्रिपाठी, शिवम पांडे और मुन्ना अस्के की सराहनीय भूमिका रही।

जबलपुर का हक उज्जैन ले जाने का आरोप, कहा- मांगें नहीं मानीं तो भूख हड़ताल

मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के विरोध में मोर्चा का प्रदर्शन

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रस्तावित विखंडन और विश्वविद्यालय से जुड़े संस्थानों को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सोमवार को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बचाओ संयुक्त मोर्चा ने विश्वविद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने मुख्यमंत्री पर जबलपुर के साथ भेदभाव करने और शहर की मेडिकल शिक्षा से जुड़ी पहचान को कमजोर करने का आरोप लगाया। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि जबलपुर में स्थापित मेडिकल यूनिवर्सिटी को उज्जैन ले जाने की कोशिश शहर के अधिकारों और विकास पर सीधा प्रहार है। विश्वविद्यालय से प्रतिवर्ष



हजारों विद्यार्थी और उनके परिजन जबलपुर आते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलता है। मोर्चा का आरोप है कि विश्वविद्यालय के विखंडन से इसका सीधा असर जबलपुर के आर्थिक हितों पर पड़ेगा।

15 साल बाद भी 90 फीसदी पद रिक्त

प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि स्थापना के करीब 15 वर्ष बाद भी विश्वविद्यालय में लगभग 90 प्रतिशत स्थायी अधिकारी-कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। इसका असर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम और अन्य शैक्षणिक कार्यों में होने वाले विलंब के रूप में सामने आ रहा है। मोर्चा ने सरकार से रिक्त पदों को तत्काल भरने की मांग की।

करोड़ों के निवेश का भी दिया हवाला

मोर्चा ने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी के माध्यम से मेडिकल अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में करोड़ों रुपये का निवेश किया गया है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय को मजबूत करने के बजाय उसके विखंडन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इससे जबलपुर की मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों प्रभावित होंगी। मोर्चा ने नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों से हटाकर पुनः आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर से जोड़ने तथा विश्वविद्यालय का पूर्व स्वरूप बहाल करने की मांग की। साथ ही जबलपुर के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन तेज

मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय का विखंडन नहीं रोका गया और उनकी मांगों पर सरकार ने निर्णय नहीं लिया तो आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल भी शुरू करने की चेतावनी दी गई।

इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन में मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुमन कुमार जैन, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक यादव, नागरिक उपभोक्ता मंच के प्रदेश संयोजक मनीष शर्मा, एनएसओ छात्र संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष गोपाल पाराशर, अभिभावक संगठन अध्यक्ष प्रफुल्ल सक्सेना, पृथक महाकौशल राज्य मोर्चा एवं झुग्गी-झोपड़ी जबलपुर अध्यक्ष श्याम सोलंकी, अंकित गोस्वामी, मयंक राज, सुभाष कुशवाहा सहित सुमित, धर्मेंद्र, नीलिमा, रानी, खुशबू, प्रेरणा, सुरभि समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दिशा समिति की बैठक में सांसद आशीष दुबे ने अधिकारियों को दिए निर्देश

गुणवत्ता और समयसीमा में पूरे हों विकास कार्य हर पात्र हितग्राही को मिले योजनाओं का लाभ

जबलपुर। जिला समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक सोमवार को सांसद श्री आशीष दुबे की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में हुई। करीब पांच घंटे चली बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। सांसद श्री दुबे ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और विकास कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता व समयसीमा में पूरा करना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों के रेस्टोरेशन में



तकनीकी मापदंडों का पालन करने तथा सभी कार्य पूरे होने के बाद ही योजनाओं को हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में अस्पतालों में आवश्यक स्टाफ, चिकित्सकीय सेवाएं और समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

यातायात व्यवस्था की समीक्षा में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा इंतजाम बेहतर करने, प्रमुख बाजार क्षेत्रों में वन-वे व्यवस्था की संभावनाएं तलाशने और व्यापारियों से सुझाव लेकर समग्र यातायात प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। ई-रिक्शा के रूट निर्धारण और कलर कोडिंग का सुझाव भी दिया गया। सांसद ने आगामी त्योहारों को देखते हुए सड़कों की मरम्मत शीघ्र पूरी कराने, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का प्रचार बढ़ाने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए आकस्मिक निरीक्षण जारी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में रानी दुर्गावती स्मारक एवं संग्रहालय, हनुमानताल सौंदर्यीकरण, शहर की सफाई व्यवस्था, कछपुरा मालगोदाम की कनेक्टिविटी और पंचायतों के राजस्व बढ़ाने सहित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों और सुझावों पर संबंधित विभागों के माध्यम से समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ललपुर में 20 लाख की शासकीय भूमि की गई अतिक्रमण मुक्त

जबलपुर। राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोरखपुर तहसील के ग्राम ललपुर में कार्रवाई करते हुए 0.110 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश एवं एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में तहसीलदार राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। टीम ने खसरा नंबर 24/3 की शासकीय भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे और स्थायी निर्माण को जेसीबी की सहायता से हटाया।प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस अमला मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसे सुरक्षित रखने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की।



15 साल नौकरी करने वाले रोजगार सहायक को झटका

मनरेगा में एक साल का अनुभव नहीं तो नियुक्ति अवैध

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा में मेट के रूप में न्यूनतम एक वर्ष का वास्तविक कार्य अनुभव नहीं होने पर ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति में 15 अतिरिक्त अंकों का लाभ नहीं दिया जा सकता। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सालिकराम लिल्हारे की अपील निरस्त करते हुए नियुक्ति को अवैध ठहराने वाले सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा।

मामला बालाघाट जिले की जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत जनवा का है। सालिकराम करीब 15 वर्ष तक उक्त पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत रहे। उनकी नियुक्ति को रामलाल नागेश्वर ने चुनौती दी थी। शिकायत में आरोप था कि सालिकराम ने संबंधित पंचायत में मनरेगा के तहत मेट के रूप में कार्य नहीं किया, फिर भी उन्हें अनुभव के आधार पर 15 अतिरिक्त अंक दिए गए। जिला कलेक्टर ने 9 मई 2011 को नियुक्ति निरस्त कर दी थी। हालांकि, अतिरिक्त कमिश्नर ने उनके पक्ष में आदेश दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका हुई। सिंगल बेंच ने 18 अगस्त 2026 को अतिरिक्त कमिश्नर का आदेश निरस्त कर दिया था। कोर्ट ने भी माना कि निर्धारित एक वर्ष का वास्तविक अनुभव पात्रता की अनिवार्य शर्त है। केवल लंबे समय तक नौकरी करने से नियुक्ति की मूल पात्रता की कमी दूर नहीं होती।

25 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और दो पिकअप वाहन बरामद

गोहलपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। गोहलपुर पुलिस ने नकबजनी और वाहन चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 25 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन और दो पिकअप वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार अमन नगर में हुई दो चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर नूरुद्दीन अंसारी उर्फ अज्जु, मोहम्मद इरशाद और भीम उर्फ आदिल खान को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अमन नगर के सूने मकानों में चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर सोने-चांदी के जेवर, फ्रिज और घरेलू सामान बरामद किया गया। इसी तरह वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने राजू उर्फ रामगोपाल साहू और सौरभ दहिया को गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर चोरी की गई टाटा इंट्रा पिकअप को रीवा जिले में उड़ाकी टोल टैक्स के आगे एक ढाबे के पास से बरामद किया गया। एक अन्य चोरी की गई पिकअप भी खजरी खिरिया के पास से बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में नूरुद्दीन अंसारी के विरुद्ध विभिन्न थानों में नकबजनी, चोरी, मारपीट और अवैध हथियार सहित 11 अपराध, जबकि मोहम्मद इरशाद के विरुद्ध चोरी, नकबजनी, मारपीट, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार सहित 5 अपराध दर्ज हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. आयुष जाखड़ एवं नगर पुलिस अधीक्षक शुभम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रितेश पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।

कटनी स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान, 320 यात्रियों पर कार्रवाई

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार रजक के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता की रणनीति के तहत कटनी स्टेशन पर विशेष किलाबंदी टिकट जांच अभियान चलाया गया। जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल के 34 टिकट जांच कर्मचारियों ने करीब 20 ट्रेनों, प्लेटफॉर्म और प्रवेश द्वारों पर सघन जांच की। अभियान के दौरान बिना टिकट,



अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, अनधिकृत वेंडिंग तथा गंदगी फैलाने के मामलों में कुल 320 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 2 लाख 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान भी मौजूद रहे। कैटरिंग स्टॉल और वेंडरों की भी जांच की गई। मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक संदीप श्रोती के समन्वय में अभियान संचालित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने जबलपुर–कटनी–मैहर–सतना रेलखंड सहित पूरे मंडल में टिकट जांच अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यात्री सुविधा और राजस्व सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

सेवा सेतु अभियान सरकार द्वारा सेवा संकल्प अभियान



पाटन। मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के आदेशानुसार एवं श्री राघवेन्द्र सिंह जिला.कलेक्टर जिला.जबलपुर के निर्देषन मे नागरिकों को पारदर्षीए संवेदनषीलए उत्तरदायी एवं समयबध्द लोक सेवाएं सीधे वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देष्य से 4 अक्टूबर को वृहद शिविर मानवेन्द्र सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता मे अयोजित किया गयाए उक्त षिविर मे राजस्व विभाग द्वारा 181 भू.अधिकार पत्र का वितरण किया गयाए निकाय द्वारा प्रधानमंत्री योजना आवास 2ण्0 अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को प्रथम किस्त राषि रुपये 01ण्00 के मान से स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।संबल योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियो को अन्त्येष्टि सहायता एवं 09 हितग्राहियो को 02ण्00 लाख रुपये के मान से अनुग्रह सहायता के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गयेए साथ ही 16 हितग्राहियो का संबल योजना अंतर्गत पंजीयन कार्ड जारी किये गयेए 05 हितग्राहियो को पात्रता पर्ची तथा 04 हितग्राहियो को पेंषन के आवेदन स्वीकृत किये गयेए षिविर मे 07 अविवादित नामांतरण प्रकरण का निपटारा किया गयाए स्वास्थ्य विभाग से 20 लोगो की बीण्पीण एवं षुगर की जांच की गईए 03 हितग्राहियो को ऑख के लिये ड्रॉप प्रदान किये गये एवंए 21 महिलाओ को आयरनए कैल्षियमए फोलिक एसिडए की गोलिया प्रदान की गई तथा छोटे बच्चो को डी.बर्मिग की गोलियॉ प्रदान की गईए महिला बाल विकास से 03 हितग्राहियो को मातृत्व वंदना योजनाए एवं 01 हितग्राही को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ प्रदान किया गयाए तथा पोषण आहार की स्टॉल लगाई गईए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 30 हितग्राहियो को 15000, 07 हितग्राहियो को 25000ए तथा 02 हितग्राहियो को 50000 की राषि के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।ए एमपीईबी विभाग द्वारा पीएम सूर्यघर योजना का प्रचार.प्रसार किया गया। षिविर के अंत मे सत्यम मेहरा पार्षद के द्वारा नषामुक्ति अभियान के अंतर्गत षपथ ग्रहण कराई गई उक्त कार्यक्रम मे जयश्री चैहान.मुख्य नगर पालिका अधिकारीए सच्चिदानंद त्रिपाठी तहसीलदार पाटनए उपाध्यक्ष पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि देवकुमार यादव ; मुन्नूद्ध राघवेन्द्र यादवए गजेन्द्र सिंहए आदित्य नामदेवए सत्यम मेहराए महेन्द्र सिंह ठाकुरए सिद्धांत नायकए गनपत बर्मनए राजेन्द्र कुमार सोनी.उपयंत्रीए सोनाली बाजपेयीए गरिमा प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारीए निषा खाद्य अधिकारीए सचिन सरोठे डा रष्मि मदन मोहन विवेक कुमार षाखा प्रबंधकए ;एसबीआईद्ध आषा दीदी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा नागरिक बंधु व निकाय के अधिकार कर्मचारी उपस्थित रहे।

गंभीर मारपीट एवं पथराव के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, रविदास समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। गुरु रविदास धाम, ग्वारीघाट के आह्वान पर रविदास समाज के समाजसेवी मुत्रीलाल अहिरवार के परिवार पर हुए कथित हमले के विरोध में दोषियों के विरुद्ध शीघ्र वैधानिक कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविदास समाज के प्रतिनिधिमंडल एवं समाज जन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित पक्ष के अनुसार, 25 सितंबर 2026 की रात लगभग 7:30 बजे, गणेश विसर्जन के बाद राजा रसगुल्ला वाली गली में यश अहिरवार एवं युवराज के साथ कपिल सोनकर, राहुल सोनकर एवं अंशुल रैकवार द्वारा कथित रूप से मारपीट की गई। इस घटना में दोनों को गंभीर चोटें आने की बात कही गई है। मामले में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 0409/26 दर्ज है।इसके अगले दिन 26 सितंबर 2026 की रात लगभग 11:30 बजे, रवि नगर, गढ़ा फाटक क्षेत्र में एक अन्य घटना होने का आरोप है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, कपिल सोनकर, राहुल सोनकर, तरुण सोनकर, यश सोनकर एवं शेरू सोनकर द्वारा ई-रिक्शा में तोड़फोड़ करने तथा घरों पर पथराव किया गया।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के दौरान इमारती अहिरवार के सिर पर तलवार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गईं। उन्हें उपचार के लिए जामदार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दीपक अहिरवार के हाथ में गंभीर चोट आने के बाद उनका ऑपरेशन किए जाने की जानकारी दी गई है। घटना में अन्य लोगों के घायल होने की बात भी सामने आई है।इस मामले में थाना लॉर्डगंज में अपराध क्रमांक 0676/26 दर्ज किया गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रकरण में नामजद आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। साथ ही पीड़ित पक्ष के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किए जाने को लेकर समाज एवं स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है।पुलिस अधीक्षक से प्रमुख मांगेंज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि-दोनों प्रकरणों में नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।दोनों घटनाओं की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच कराई जाए।गंभीर रूप से घायल पीड़ितों एवं उनके परिवारों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए। पीड़ित पक्ष के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की भी निष्पक्ष जांच की जाए।- जांच में दोषी पाए जाने वाले सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।पीड़ित पक्ष एवं समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं न्याय की पूरी उम्मीद है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्न एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो पीड़ित परिवार एवं समाज के नागरिक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान गुरु रविदास धाम के कार्यवाहक अध्यक्ष यमेश चौधरी, स्थायी संरक्षक प्रतिनिधि एडवोकेट अरविंद चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ बालकिशन चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, मुत्री लाल अहिरवार, बाबूलाल चौधरी, मूलचंद मोरे, संजय अहिरवार, एडवोकेट कृष्णा चौधरी, मुन्ना लाल चौधरी, मुन्ना मास्टर, आशीष अहिरवार, संदीप सूर्यवंशी, सुशील राजा अहिरवार, एडवोकेट राकेश चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, हेमंत चौधरी, एडवोकेट दीपक चौधरी, आर.डी. चौधरी, कैलाश नाथ अहिरवार, विनोद लडिया एवं प्रदीप अहिरवार सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



राजीव गांधी वार्ड में 1.49 करोड़ की लागत से 3 सीसी सड़कों का भूमिपूजन

जबलपुर। नगर निगम के संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में 1.49 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन एम-30 ग्रेड सीमेंट कंक्रीट सड़कों का भूमिपूजन किया गया। सोनी धर्मशाला के पीछे जेडीए गार्डन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। रामजानकी गेट से विनायक चौक तक 41 लाख, जीटी कैम्पस क्षेत्र में 51 लाख तथा सार्वजनिक प्रसाधन से जेडीए गार्डन मार्ग तक 57 लाख की लागत से सीसी सड़कें बनाई जाएंगी। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को धूल और गड्ढों से राहत मिलेगी। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा एम-30 ग्रेड कंक्रीट का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बेहतर सड़क एवं जलनिकासी व्यवस्था को प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीराम शुक्ला, पार्षद मधुबाला राजपूत, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



पेंशनर एसोसिएशन द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

मझोली I वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश, तहसील शाखा मझौली द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु माननीय मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार मझोली को ज्ञापन सौंपा गया I प्रमुख मांगो में लंबित महंगाई भत्ता, 8 th वेतनमान, सेवा निवृत्ति पश्चात आयुष्मान कार्ड से लाभ, केंद्र सरकार द्वारा घोषित तिथि से महंगाई भत्ता का लाभ, 35 साल पूर्ण होने के दिनाँक से ही 4th वेतन मान का लाभ, 65 वर्ष पूर्ण होते ही पेंशन में वृद्धि, पारिवारिक पेंशन में कटौती बंद करना एवं अन्य आदि मांगे सम्मिलित हैं I ज्ञापन देते समय तहसील अध्यक्ष नादिर कुरेशी, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश साहू, बलवीर सिंह ठाकुर, चरण लाल सेन,भरत तिवारी, राम कृष्ण विश्वकर्मा, मथुरा प्रसाद मिश्रा, पुरुषोत्तम लाल मिश्रा, लालजी दुबे, ओम प्रकाश शर्मा, किशोरी लाल विश्वकर्मा, अनिल उपाध्याय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे I

किस्सा कोताह के द्विवार्षिक समारोह में हुआ कहानी-काव्य पाठ व पुरस्कार वितरण



सिहोरा। हिंदी साहित्यिक पत्रिका किस्सा कोताह के पांचवें द्विवार्षिक समारोह के द्वितीय दिवस होटल परिणिता में राष्ट्रीय स्तर का साहित्यिक आयोजन हुआ। गुरु दयाल कनौजिया के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कहानी, कविता एवं काव्यपाठ के साथ पुरस्कार वितरण किया गया।कहानी विधा में मनोरमा पंत, हंसा विश्नोई, उर्मिला आचार्य, डॉ. ज्योति गजभिए, डॉ. विनीता राहुरीकर, प्रेमलता यदु, बलवीर सिंह पाल एवं कविता मुकेश को प्रमाणपत्र, नगद राशि और प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। सत्र की अध्यक्षता राज नारायण बोहरे एवं राजा अवस्थी ने की तथा संचालन डॉ. सुषमा झा ने किया।कविता सत्र में महेश कटारे 'सुगम', राजा अवस्थी, शैलेंद्र शरण, श्यामसुंदर तिवारी सहित अनेक रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। विभिन्न सत्रों में साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। मुख्य वक्ता डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी रहे।कार्यक्रम में अश्विनी कुमार पाठक, डॉ. अरुणा पांडे सहित साहित्यकार एवं अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का सम्मान गुरु दयाल कनौजिया 'दयाल' ने किया।

आर्य समाज दयानंद सरस्वती भवन में हुआ वार्षिकोत्सव का समापन

जबलपुर। आर्य समाज दयानंद सरस्वती भवन में वार्षिकोत्सव, वेद प्रचार, ऋग्वेद परायण यज्ञ एवं प्रवचन का समापन 21 कुंडीय सर्वकल्याण महायज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ हुआ। कार्यक्रम में करीब 300 यजमानों ने सहभागिता की। वैदिक प्रवक्ता मुनि शुचिषद् (शिवदत्त पाण्डेय), आचार्य धीरेन्द्र पाण्डेय एवं सत्येन्द्र शास्त्री सहित अन्य आचार्यों की उपस्थिति रही।मुनि शुचिषद् ने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति जिज्ञासा से होती है और आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य को वास्तविक जीवन-मूल्यों से परिचित कराता है। उन्होंने वेदों को सत्य विद्याओं का आधार बताते हुए आर्य समाजियों से ज्ञान को स्वयं ग्रहण करने के साथ समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल की आचार्याओं ने दयानंद सरस्वती पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। बिछिया गुरुकुल के विद्यार्थियों ने डम्बल अभ्यास एवं झांझर की प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर राकेश चौरसिया, गणेश शर्मा एवं संगीत दल ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रधान सुमेन्द्र महेश्वरी, प्रधानाचार्या डॉ. कुमारी अरुण सिंह, मंत्री उमेश चन्द्र सिंह, मंत्राणी गीता वासुदेव, संयोजक पियूष शर्मा सहित पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में हितग्राहियों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्र



सिहोरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 11 स्थित सामुदायिक भवन में हितलाभ वितरण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक संतोष बरकड़े ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, सुशासन, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 89, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 6, आयुष्मान कार्ड के 4 तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के 5 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। पशुपालन विभाग की कुक्कुट एवं बकरी पालन योजनाओं के 10 प्रकरण भी स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, एसडीएम ज्योति परस्ते, सीएमओ प्रदीप झारिया सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

पाठशाला बचाने छात्र-छात्राओं ने लगाई गुहार



सिहोरा। ग्राम मगरकटा की शासकीय प्राथमिक शाला को बंद कर ग्राम घुघरा की शाला में मर्ज किए जाने की प्रक्रिया से नाराज नन्हे छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने सिहोरा तहसील कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मगरकटा के बच्चों को अब करीब एक किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाना पड़ेगा, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा प्रभावित होने की आशंका है।

ग्रामीणों के अनुसार मगरकटा में वर्षों से संचालित विद्यालय गरीब, किसान, मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा का प्रमुख आधार है। विद्यालय बंद होने से छोटे बच्चों और विशेषकर बालिकाओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अभिभावकों ने कहा कि एक ओर शासन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्षों से संचालित विद्यालय को बंद करना बच्चों के हित में उचित नहीं है।

जिला सदस्य की अगुवाई में ग्रामीणों एवं पालक-शिक्षक संघ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और विद्यालय को मर्ज करने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार कर शाला को यथावत संचालित रखने की मांग की।



महाकौशल क्रीड़ा परिषद ने किया स्केटिंग खेल का आयोजन

जबलपुर। महाकौशल क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में भंवरताल गार्डन स्थित रैंप पर खिलाड़ियों ने स्केटिंग का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।इसके पश्चात रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थित सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा, दिनेश जायसवाल, अनीता सिंह, दिनेश सिंह ठाकुर, राज सोनकर, टिन्नी भाई, राजा भाई एवं रामजी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

दिशा बैठक में महापौर ने उठाए जनहित से जुड़े मुद्दे

जबलपुर। दिशा (DISHA) की समीक्षा बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दे उठाए। उन्होंने आंगनवाड़ियों के आधुनिकीकरण, खेल सुविधाओं में सुधार, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा विद्युत तारों की समस्या के समाधान पर जोर दिया। महापौर ने बताया कि शहर की 40 आंगनवाड़ियों को अत्याधुनिक बनाया जा चुका है तथा शेष 647 आंगनवाड़ियों को भी सुविधाओं से लैस करने की योजना है। इसके लिए उन्होंने समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग रखी।



राइट टाउन स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं मॉर्निंग वॉकर से कथित रूप से अधिक शुल्क वसूली और अनुशासनहीनता के आरोपों को लेकर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की गई। कला वीथिका के हॉल का विस्तार कर किराया तीन हजार रुपये करने का सुझाव भी दिया गया। महापौर ने सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा एवं नियमों के पालन तथा सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों में झूलते विद्युत तारों को जल्द दुरुस्त करने की मांग रखी। प्रशासन ने प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 502 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



पाटन। वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालयए पाटन एवं रानी दुर्गावती शोध संस्थानए जबलपुर ;मण्प्रण्द्ध के संयुक्त तत्वावधान में 5 अक्टूबर 2026 को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीरांगना रानी दुर्गावती के अदम्य साहसए स्वाभिमानए शौर्य एवं मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण विजेन्द्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की ऐसी वीरांगना थींए जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और राज्य की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए साहसए कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ प्रशांत महाजन सहाण प्राण अंग्रेजी ने रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला और कहा कि रानी दुर्गावती का व्यक्तित्व केवल एक योद्धा के रूप में नहींए बल्कि एक कुशल शासकए स्वाभिमानी नारी और लोककल्याण के प्रति समर्पित नेतृत्वकर्ता के रूप में भी स्मरणीय है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हमें अन्याय और संकट के सामने दृढ़ता से खड़े होने की प्रेरणा देता है। श्री सुनील यादवए सहाण्प्राण इतिहास ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती का इतिहास नई पीढ़ी तक तथ्यपरक एवं शोधपरक दृष्टि से पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार एवं रानी दुर्गावती शोध संस्थानए जबलपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थित अतिथियोंए प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहसए त्याग और स्वाभिमान को नमन किया। कार्यक्रम में डॉण दयाशंकर पटेल ग्रंथपालए डॉण राम सकल पटेल सहाण प्राण राजनीति शास्त्रए श्री विकास तिवारीए सहाण प्राण समाजशास्त्रए श्री परसराम लोधी सहाण प्राण अर्थशास्त्रए सुश्रीण इन्दुलता धुर्वे सहाण प्राण वाणिज्यए श्री मुकुल गोंटियाए श्री राहुल वाल्मिक एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। रानी दुर्गावती शोध संस्थानए जबलपुर द्वारा रानी दुर्गावती के जीवनए इतिहास और विरासत पर शोध एवं जनजागरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया गया।

श्री सौरव तिवारी- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री सूर्यकांत तिवारी के पुत्र श्री सौरव तिवारी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती हेमवती रैकवार- खेरमाई वार्ड हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री बालादीन रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती हेमवती रैकवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती अनीता शर्मा- एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री एसके शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष कुमार कोरी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष कुमार कोरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री सौरभ पटेल- जोगिनी नगर रामपुर निवासी श्री कंधी लाल पटेल के पुत्र श्री सौरभ पटेल (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शीला देवी पासी- तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री गुलाब चंद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला देवी पासी का निधन हो गया।



अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शशि शर्मा- टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गौरीघाट रोड निवासी श्री पूरन चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शशि शर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री उमेश कुमार विश्वकर्मा- करियापाथर मुक्तिधाम रोड निवासी श्री उमेश कुमार विश्वकर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती गीता सिंह- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री बालेश्वर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गीता सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जनार्दन पाण्डेय- हैड पोस्ट आफिस के पास सिविल लाइन निवासी श्री जनार्दन पाण्डेय (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

सुश्री राजमणि पाण्डेय- अधारताल निवासी श्रीलाल पाण्डेय की पुत्री सुश्री राजमणि पाण्डेय (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती श्यामा बाई- शीतलामाई कांचघर रोड भगवानदास शर्मा स्कूल के सामने निवासी श्री चुन्नी लाल डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री किशन रैकवार- छोटी ओमती निवासी श्री किशन रैकवार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सोना बाई चौधरी- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री पूरन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती पार्वती बाई रैकवार- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राम प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई रैकवार (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्यापन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलाकार से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

सुझावों, सोशल मीडिया की सलाह से सावधान रहें निवेशक

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को निवेशकों को अज्ञात स्रोतों से मिलने वाली निवेश सलाह, सोशल मीडिया पर वित्तीय सलाह देने वालों और रिटर्न को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर किए जाने वाले दावों से सावधान रहने को कहा।

- सेबी ने देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल की शुरू

पांडेय ने यह बात सेबी की देशव्यापी निवेशक जागरूकता पहल 'प्रोजेक्ट जागरूक' की शुरुआत के मौके पर पंजाब विश्वविद्यालय में कही। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिभूति बाजार के बारे में जागरूकता और उसमें वास्तविक भागीदारी के बीच अंतर है।

सेबी के चेयरमैन पांडेय ने निवेशकों को सावधान रहने कहा

लाभ लेने निवेश जल्द शुरू करना चाहिए



पांडेय ने कहा कि निवेश जल्द शुरू करना चाहिए और लगातार उसका लाभ लेने के लिए उसे जारी रखना चाहिए तथा निवेश में विविधता लानी चाहिए। पांडेय ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति बाजार पहले के मुकाबले अधिक लोकतांत्रिक और सुलभ है, लेकिन केवल पहुंच पर्याप्त नहीं है। निवेशकों को भी पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।

जागरूकता बढ़ाना बुनियादी ढांचे का हिस्सा

चेयरमैन ने कहा, ''इसीलिए निवेशकों में जागरूकता बढ़ाना बाजार के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मजबूत बाजार के लिए केवल शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी ही नहीं, बल्कि जानकार प्रतिभागी भी जरूरी हैं। 'प्रोजेक्ट जागरूक' इसी सिद्धांत को आगे बढ़ाने का प्रयास है।''



अभियान 11 क्षेत्रीय भाषाओं में चलाया जाएगा

पांडेय ने कहा कि यह अभियान अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी सहित 11 क्षेत्रीय भाषाओं में चलाया जाएगा। इसके तहत टेलीविजन, प्रिंट, रेडियो, सिनेमा, डिजिटल मंच, सोशल मीडिया, ओटीटी, व्हाट्सएप और प्रत्यक्ष संपर्क के माध्यमों का इस्तेमाल किया जाएगा।

उद्देश्य बाजार में समझ को आसान बनाना

सेबी प्रमुख ने कहा कि 'प्रोजेक्ट जागरूक' का उद्देश्य प्रतिभूति बाजार के बारे में समझ को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक जटिल शब्दों के बिना विषयों को समझाया जाएगा और निवेशकों को कोई कदम उठाने से पहले उसे समझने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

किसी की सलाह पर कोई निवेश न करे

निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए पांडेय ने कहा कि निवेशकों को केवल इसलिए निवेश नहीं करना चाहिए कि किसी ने इसकी सलाह दी है या हर कोई निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''निवेश तभी करें जब आप इसे समझते हों। यही 'प्रोजेक्ट जागरूक' का उद्देश्य है। समझ के साथ निवेश करना आसान है।'' भारत के पूंजी बाजार पिछले एक दशक में अधिक गहरे, व्यापक और सुलभ हुए हैं।

निवेशक उन्हीं उत्पादों में निवेश करे जिसे वे समझते हैं

सेबी चेयरमैन ने निवेशकों को आगाह करते हुए कहा, ''निवेश धोखाधड़ी से सावधान रहें, गुमनाम सुझावों, सोशल मीडिया पर वित्तीय सलाह देने वालों या रिटर्न को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर किए जाने वाले दावों के बजाय विनियमित उत्पादों, माध्यमों और संस्थाओं का इस्तेमाल करें।' उन्होंने निवेशकों को केवल उन्हीं उत्पादों में निवेश करने की सलाह दी जिन्हें वे समझते हैं।

खबर संक्षेप

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का ऋण कारोबार 30% बढ़ा



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में ऋण कारोबार 30 प्रतिशत बढ़कर 3.81 लाख करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 30 सितंबर, 2025 को उसका कुल अग्रिम 2.93 लाख करोड़ रुपये था।

पीएनबी का खुदरा ऋण के लिए विशेष अभियान

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक ने आकर्षक ब्याज दर के साथ त्योहारों के दौरान अपना खुदरा ऋण अभियान शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों के लिए त्योहार से जुड़ी उनकी जरूरतों को पूरा करना आसान बनाना है। इसके तहत आवास ऋण, कार ऋण, व्यक्तिगत ऋण और अन्य खुदरा ऋण उत्पादों पर आकर्षक लाभ दिए जाएंगे।

अल्ट्राटेक ने दो गीगावाट की ऊर्जा क्षमता हासिल की



नई दिल्ली। प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक ने सोमवार को कहा कि उसने राजस्थान के बाड़मेर में 116.55 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना शुरू की है। इसके साथ ही वह दो गीगावाट की आंतरिक उपयोग वाली (कैप्टिव) हरित ऊर्जा क्षमता हासिल करने वाली पहली भारतीय सीमेंट कंपनी बन गई है।

जर्मन ग्रीन स्टील का शेयर तीन फीसदी बढ़कर हुआ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। जर्मन ग्रीन स्टील एंड पावर लिमिटेड का शेयर अपने 139 रुपये के निर्गम मूल्य मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 143.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 3.23 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 2.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 142 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

ओरिएंट केबल्स का शेयर 65 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



नई दिल्ली। ओरिएंट केबल्स लिमिटेड का शेयर अपने 272 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 65 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने 448.10 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 64.74 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 65.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 450 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,589.54 करोड़ रुपये रहा। ओरिएंट केबल्स इंडिया के आईपीओ को मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 92.27 गुना अभिदान मिला था।

डील के तहत स्विट्जरलैंड 15 वर्ष में भारत में करेगा 100 अरब डॉलर निवेश

स्विट्जरलैंड से हुई डील, युवाओं को मिलने जा रहे बड़े मौके, निर्यातक भी होंगे मालामाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और स्विट्जरलैंड के रिश्ते अब सिर्फ कारोबार तक सीमित नहीं रहेंगे। दोनों देश इन्वेस्टमेंट, एक्सपोर्ट, डिफेंस, न्यूक्लियर एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिन के बीच बातचीत में कई अहम फैसले हुए हैं। भारत का फोकस स्विट्जरलैंड में भारतीय सामान की बिक्री बढ़ाना और वहां से ज्यादा निवेश भारत लाना है।

समझौतों के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि आज हुए माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट और यंग प्रोफेशनल्स एग्रीमेंट से, भारत के स्टूडेंट, रसिर्चर्स, प्रोफेशनल्स और युवाओं के लिए स्विटजरलैंड में कई नए अवसर खुलेंगे। हमने भारत के एक्सपोर्ट का स्विट्जरलैंड में मार्केट एक्सेस बढ़ाने, और दोनों देशों के बीच इनवेस्टमेंट को और सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।



भारत में आएगा 100 अरब डॉलर का निवेश

भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन यानी ईएफटीए के बीच ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट लागू हो चुका है। इफटा में स्विट्जरलैंड के अलावा नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। इस समझौते के जरिए भारत अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर का निवेश लाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। सरकार को उम्मीद है कि इससे करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। यानी मकसद सिर्फ विदेशी पैसा लाना नहीं है। इसके साथ रोजगार और कारोबार भी बढ़ाना है।

भारत का निर्यात बढ़ेगा

इस समझौते से भारत के एग्रीकल्चर, फार्मा, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग गुड्स का स्विट्जरलैंड में निर्यात बढ़ेगा। साथ-साथ, भारत के बायोटेक, लाइफ साइंसेज, बैंकिंग, इन्श्योरेन्स, फूड प्रोसेसिंग और सस्टे-निबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हम नए स्विस इनवेस्टमेंट को आकर्षित करेंगे।

- भारतीय युवाओं के लिए 10 लाख से अधिक नौकरियों के द्वार खुलेंगे
- दोनों देश इन्वेस्टमेंट, एक्सपोर्ट, डिफेंस, न्यूक्लियर एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ाएंगे सहयोग
- भारत का फोकस स्विट्जरलैंड में भारतीय सामान की बिक्री बढ़ाने पर होगी

330 से ज्यादा स्विस कंपनियां पहले से भारत में

भारत के लिए स्विट्जरलैंड कोई नया कारोबारी पार्टनर नहीं है। देश में 330 से ज्यादा स्विस कंपनियां पहले से काम कर रही हैं। इनका कारोबार इंजीनियरिंग, सर्विसेज, प्रिसीजन इंस्ट्रूमेंट्स, केमिकल्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में है। अब भारत इन कंपनियों से और ज्यादा निवेश की उम्मीद कर रहा है। खास बात यह है कि भारतीय कंपनियां भी स्विट्जरलैंड में मौजूद हैं। आईटी, फार्मा और मशीनरी में भारतीय कंपनियां कारोबार कर रही हैं।

स्विट्जरलैंड में भारतीय सामान ज्यादा बिकेगा

भारत स्विट्जरलैंड में अपने उत्पादों की मार्केट एक्सेस बढ़ाने की कोशिश करेगा। इसके लिए दोनों देशों ने कई फैसले लिए हैं। इसका सीधा फायदा भारतीय एक्सपोर्टर्स को मिल सकता है। खास तौर पर कृषि उत्पाद, फार्मा, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग सामान को स्विस बाजार में ज्यादा जगह दिलाने पर जोर है। यानी भारत की कोशिश है कि यूरोप के इस बड़े और अमीर बाजार में भारतीय कंपनियों की बिक्री बढ़े।

मर्सिडीज- बेंज की बिक्री भारत में 8 फीसदी बढ़ी

- कंपनी ने जनवरी-सितंबर के दौरान 15,190 इकाई सेल की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज की भारतीय बाजार में बिक्री जनवरी-सितंबर, 2026 के दौरान आठ प्रतिशत बढ़कर 15,190 इकाई रही जो इस अवधि में कंपनी की अब तक की सर्वाधिक बिक्री है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 14,132 वाहन बेचे थे।

मर्सिडीज-बेंज ने सोमवार को कहा कि जुलाई-सितंबर के दौरान उसकी बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 5,422 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,119 इकाई थी। यह भारत में कंपनी की अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री है। कंपनी ने कहा कि जनवरी-सितंबर की बिक्री में उसके टॉप-एंड लक्जरी, कोर लक्जरी और एंट्री लक्जरी खंड का खास योगदान रहा। इस दौरान टॉप-एंड लक्जरी खंड की बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक रही। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि कंपनी को आगामी त्योहारी मौसम तक मजबूत वृद्धि की रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''जनवरी-सितंबर में हमारी बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी है। तिमाही और सालाना दोनों आधार पर हुई वृद्धि बाजार में मजबूत मांग को दर्शाती है।

कंपनी के पास काफी मजबूत ऑर्डर है

इस साल की चौथी तिमाही में भी हमें त्योहारी मौसम के कारण यह रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है। हमारे पास काफी मजबूत ऑर्डर हैं। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर में उसकी बिक्री अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ी। इसमें त्योहारी मांग और उसके 'ड्रीम डेज अभियान' की सफलता का योगदान रहा।

खुदरा कंपनियों की आमदनी दूसरी तिमाही में दोहरे अंक में बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारी कैलेंडर में बदलाव के बावजूद खुदरा कंपनियों की आमदनी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोहरे अंक की वृद्धि हुई है। इस साल त्योहारी सीजन जुलाई-सितंबर के बजाय अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पड़ रहा है।

सूचीबद्ध खुदरा कंपनियों ने अपनी तिमाही कारोबारी जानकारी में कहा कि उन्होंने नए स्टोर खोलने और विभिन्न बाजारों में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के साथ खुदरा कारोबार का विस्तार जारी रखा। डी-मार्ट खुदरा श्रृंखला का संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर परिचालन आय 18.4 प्रतिशत बढ़कर 19,206.18 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 16,218.79 करोड़ रुपये रही थी। दामानी परिवार प्रवर्तित इस खुदरा कंपनी के 30 सितंबर, 2026 तक कुल 518 स्टोर थे। कपड़ों की खुदरा कंपनी वी-मार्ट रिटेल की तिमाही में परिचालन आय सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 953 करोड़ रुपये हो गई।



- त्योहारी सीजन आगे खिसकने का नहीं पड़ा असर
- कई खुदरा कंपनियों ने अपने नए स्टोर खोले

वी2 रिटेल की आय बढ़कर 905 करोड़

एक अन्य खुदरा श्रृंखला वी2 रिटेल की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर परिचालन आय सालाना आधार पर 28.4 प्रतिशत बढ़कर 905 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने कहा कि पिछले साल त्योहारी सीजन दूसरी तिमाही में था, जबकि इस साल यह तीसरी तिमाही में है। इसके बावजूद कंपनी की आय में वृद्धि दर्ज की गई।

एयर इंडिया एक्सप्रेस हवाई सेवाओं का करेगी विस्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस सर्दियों की उड़ान समयसारिणी में रोजाना करीब 585 उड़ानों का संचालन करेगी, जो मौजूदा गर्मियों की समयसारिणी की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

एयरलाइन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए परिचालन का विस्तार कर रही है।एयरलाइन कंपनी 25 अक्टूबर से शुरू होने वाली सर्दियों की समयसारिणी में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 40 से अधिक नए मार्ग शुरू करेगी। एयरलाइन ने सोमवार को जारी बयान में कहा, एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन 2026 की गर्मियों की समयसारिणी में करीब 3,150 साप्ताहिक उड़ानों से बढ़कर सर्दियों की समयसारिणी में करीब 4,100 साप्ताहिक उड़ानों का हो जाएगा। वहीं, एक स्थान पर विमान बदलकर यात्रा करने के विकल्पों की साप्ताहिक संख्या करीब 1,330 से बढ़कर लगभग 1,600 हो जाएगी। फिलहाल एयरलाइन रोजाना करीब 500 उड़ानों का संचालन करती है। सर्दियों की समयसारिणी में यह संख्या बढ़कर करीब 585 हो जाएगी। दैनिक उड़ानों के लिहाज से सर्दियों की समयसारिणी में गर्मियों की समयसारिणी की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि होगी।



- सर्दियों में रोजाना 585 उड़ानें होगी संचालित
- गर्मियों की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक उड़ानें

कंपनी 40 एटीआर विमानों का ऑर्डर देगी : इसके साथ ही नवी मुंबई को नेटवर्क में शामिल किया जाएगा और तिरुपति के लिए हवाई संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी। एफएलवाई91 ने हाल में 40 एटीआर 72-600 विमान का ऑर्डर देने की घोषणा की थी। एयरलाइन मौजूदा गर्मियों की समयसारिणी में हर सप्ताह 280 उड़ानों का संचालन करती है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन-दिवसीय बैठक सोमवार को शुरू हो गई। इस दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष तेज होने से घरेलू मुद्रास्फीति पर जोखिम बढ़ने के बीच नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला किया जा सकता है। एमपीसी बैठक में संभावित फैसलों को लेकर 16 अर्थशास्त्रियों और बैंकर के बीच कराए गए पीटीआई-भाषा के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी का फैसला नीतिगत रुख में बदलाव को भी दर्शाएगा।

आरबीआई ने 2025 में दरों में कटौती शुरू करने के बाद लंबे समय तक अपने मौद्रिक रुख को अपरिवर्तित रखा है।

शेयर बाजार में गिरावट का दौर थमा, सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहने से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक मौद्रिक रुख अपनाए जाने की आशंका कम हुई है, जिससे उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 472.77 अंक चढ़कर 72,382.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 722.23 अंक तक बढ़कर 72,631.93 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 133.80 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,555.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी, इटर्नल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक,सन फार्मा, इन्फोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर नीचे आए।



- अमेरिका में रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहने की आशंका कम

सेल का कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ा...



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का कच्चे इस्पात का उत्पादन चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 96 लाख टन हो गया। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 'हॉट मेटल' का उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 1.02 करोड़ टन हो गया, जबकि तैयार इस्पात का उत्पादन एक प्रतिशत बढ़कर 83.9 लाख टन रहा। कंपनी ने कहा कि कुल बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन में तैयार इस्पात की हिस्सेदारी अप्रैल-सितंबर, 2025 के 86.8 प्रतिशत से बढ़कर 89.2 प्रतिशत हो गई।

17 अक्टूबर से खाद्य, दवा, सौंदर्य प्रसाधन आदि पर होगा जरूरी

इंडोनेशिया ने 'हलाल' प्रमाणन किया अनिवार्य, भारत होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडोनेशिया में 17 अक्टूबर से खाद्य एवं पेय पदार्थों, सौंदर्य प्रसाधनों, पारंपरिक दवाओं, स्वास्थ्य से जुड़े सप्लिमेंट और कुछ चिकित्सा उपकरणों के आयात के लिए अनिवार्य 'हलाल' प्रमाणन लागू होने से भारतीय निर्यातकों पर अनुपालन का बोझ बढ़ सकता है।

- भारतीय निर्यातकों पर बढ़ेगा अनुपालन बोझ: जीटीआरआई

सोमवार को एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई। 'हलाल' प्रमाणन किसी अधिकृत इस्लामी संस्था की तरफ से जारी दस्तावेज है, जो किसी उत्पाद या सेवा के इस्लामी आहार संबंधी और शरीयत की शर्तों के अनुरूप होने की पुष्टि करता है। यह प्रमाणन मुस्लिम उपभोक्ताओं को यह भरोसा देता है कि कोई उत्पाद उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस्तेमाल के लिए उपयुक्त है।

भारत का इंडोनेशिया को आयात 16.52 फीसदी घटा

चमड़ा उद्योग के एक विशेषज्ञ ने भी कहा कि इस प्रावधान से भारतीय निर्यातकों की अनुपालन लागत बढ़ जाएगी। भारत का इंडोनेशिया को निर्यात 2025-26 में 16.52 प्रतिशत घटकर 4.49 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो 2024-25 में 5.38 अरब डॉलर था। वहीं, इंडोनेशिया से भारत का आयात करीब 11 प्रतिशत घटकर 20.3 अरब डॉलर रह गया, जो 2024-25 में 22.8 अरब डॉलर था।



प्रमाणन और लेबल संबंधी शर्तों का पालन करना होगा : आर्थिक शोध संस्था 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने रिपोर्ट में कहा कि भारतीय खाद्य, दवा, सौंदर्य प्रसाधन, चिकित्सा उपकरण और रसायन निर्यातकों को इंडोनेशिया की अनिवार्य हलाल प्रमाणन व्यवस्था के लिए तैयारी करनी होगी। इस व्यवस्था के तहत इंडोनेशिया में प्रवेश करने वाले विदेशी उत्पादों को प्रमाणन और लेबल संबंधी शर्तों का पालन करना होगा।

माल खारिज होने पर वापस मंगाने की व्यवस्था करनी होगी

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रमाणन या निर्यात से पहले सत्यापन पूरा नहीं होने पर सीमा-शुल्क संबंधी देरी, सीमा पर माल खारिज होने या उत्पाद वापस मंगाने जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातक अब केवल स्व-उद्घोषणा पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्हें इंडोनेशिया की 'हलाल उत्पाद आश्वासन एजेंसी' (बीपीजेएच) के साथ मान्यता समझौते रखने वाले मान्यता-प्राप्त हलाल प्रमाणन निकायों से प्रमाणपत्र लेना होगा।

खेप रवाना होने से पहले ऑडिट होगा जरूरी

श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय विनिर्माताओं को कच्चे माल, सॉल्वेंट, इमल्सीफायर और अन्य इनपुट की पूरी आपूर्ति श्रृंखला का पता रखने की व्यवस्था भी करनी होगी। उत्पादन, भंडारण और परिवहन के दौरान दूषित होने से बचाने के उपाय करने होंगे तथा खेप रवाना करने से पहले ऑडिट की व्यवस्था करनी होगी।

समयसीमा से पहले अनुपालन की तैयारी शुरू करने की सलाह

कुछ जिलेटिन कैप्सूल या अल्कोहल आधारित फॉर्मूलेशन जैसी सामग्री वाले उत्पादों पर खास ध्यान देना होगा। उन्होंने भारतीय कंपनियों को 17 अक्टूबर की समयसीमा से पहले अनुपालन की तैयारी शुरू करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शुरुआती प्रमाणन, आपूर्ति श्रृंखला की जांच और मान्यता-प्राप्त निरीक्षण निकायों के साथ समन्वय जरूरी होगा, ताकि समयसीमा के बाद कारोबार में बाधा न आए।

एसवेक्टर 11.5 प्रतिशत गिरावट के साथ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। सॉफ्टबैंक समर्थित डिजिटल-कॉमर्स मंच एसवेक्टर लिमिटेड का शेयर अपने 32 रुपये के निर्गम मूल्य से 11.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। स्नैपडील की मूल कंपनी का शेयर बीएसई पर 28.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 11.56 प्रतिशत की गिरावट है। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 11.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 28.32 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,394.75 करोड़ रुपये रहा।

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए



डिजिटल
ओमकार चौधरी

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।

> जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार हैं, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मक़सद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है।

इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत



में विज्ञापन पहुंच लगभग 50 से 51 करोड़ खातों के स्तर पर आंकी गई है। यूट्यूब की भारतीय दर्शक संख्या भी लगभग 50 करोड़ के आसपास है। फ़ेसबुक की पहुंच करीब 40 करोड़ और स्नैपचैट की करीब 21 से 22 करोड़ के स्तर पर मानी जाती है। LinkedIn के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और X पर करीब 2.65 करोडड फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इन्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इन्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है। अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लाटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्सके खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विदेश नीति
महेन्द्र तिवारी



रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की सक्रिय शांति पहल

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति के मायने तेजी से बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष ने पूरी दुनिया को एक अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। इस युद्ध की शुरुआत में भारत ने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षों से बातचीत के माध्यम से शांति स्थापित करने की अपील की थी, लेकिन जैसे-जैसे यह युद्ध खिंचता गया भारत की कूटनीतिक रणनीति में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। आज भारत केवल युद्धविराम की औपचारिक अपील तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्ष से उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए एक सक्रिय मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्व पटल पर भारत की उस छवि को मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माता के रूप में स्थापित करती है। वर्ष 1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से खुद को दूर रखने की नीति का पालन किया था ताकि वह अपने आंतरिक विकास पर ध्यान दे सके, लेकिन 21वीं सदी का भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वास से भरा राष्ट्र है। आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में कोई भी बड़ी घटना भारत को अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारत ने अपनी पुरानी संकोचशील नीति को त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनाई है। रूस और यूक्रेन के संदर्भ में यह मुखरता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूक दर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। किसी भी युद्ध में केवल हथियार डाल देने की अपील करना सबसे आसान काम होता है, लेकिन जमीन पर मौजूद जटिलताओं को सुलझाना असली कूटनीति है। भारत ने यह गहराई से समझ लिया है कि रातों रात कोई स्थायी शांति समझौता नहीं हो सकता है। इसलिए उसने अपना ध्यान उन मुद्दों पर केंद्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशों पर पड़ रहा है। इस युद्ध ने दुनिया भर में खाद्यान्न संकट और ऊर्जा की कमी को जन्म दिया है। ऐसे में भारत ने अपनी कूटनीतिक ऊर्जा को उन क्षेत्रों में लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को पतन से बचा सकते हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से यह बात रखी है कि यूरोप की समस्या को पूरी दुनिया की समस्या नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन इस युद्ध के आर्थिक परिणामों से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। विकासशील देशों की आवाज बनकर भारत ने खुद को एक स्वाभाविक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है। जब भारत काला सागर की सुरक्षा या उर्वरकों की आपूर्ति की बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि उन तमाम देशों के लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचों पर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व द्वारा किए गए उच्च स्तरीय संवाद इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांति की प्रक्रिया में कितना गहराई से निवेश कर रहा है। दोनों देशों के उच्च नेतृत्व के साथ सीधे संपर्क में रहकर भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न ना हो। जब युद्ध के मैदान में हथियार चल रहे होते हैं तब कूटनीतिक वार्ता के दरवाजे खुले रखना एक अत्यंत कठिन कार्य होता है। भारत ने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजे को बंद नहीं होने दिया है। यह इस बात को भी दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है। भारत की इस मध्यस्थता की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षों के बीच समान रूप से विश्वसनीय होना है। वर्तमान में बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बिना किसी पूर्वाग्रह के बातचीत कर सकते हैं। रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारत की चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेता है। अंततः यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस टकराव में भारत की भूमिका एक मूक दर्शक या केवल उपदेश देने वाले देश की बिल्कुल नहीं रह गई है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दों पर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गंभीर विषयों पर हस्तक्षेप करके भारत ने विश्व को यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू राजनीतिक समस्याओं का भी व्यावहारिक समाधान देने की असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समय में वैश्विक व्यवस्था में भारत के कद को और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनों में विश्व में शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में हमेशा के लिए मान्यता दिलाएगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कौशल, ऊर्जा व सौभाग्य संग पुरुषार्थ जरूरी



संकलित
दर्शन

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें। अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए? जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना- "यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"

सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें।' यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का तो नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी अपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप नारायण, कलानौर

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन



नारी शक्ति और स्वाभिमान की पर्याय, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष



एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उसके अपने नेताओं के बयानों से ही गलत साबित हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दोनों है'। 'निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला पारदर्शी मतदाता सूचियां है। -अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर



यह वही मणिशंकर अय्यर है जो पाकिस्तान गए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विरोध प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म



जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने कमाल के है। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली।' वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

अमेरिकी वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए



इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में कहीं जिंदगी पीछे न छूट जाए



किसी न किसी मोड़ पर हममें से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

600 पुलिस जवान तैनात
अटल टनल बंद

आज से 3 दिन हिमाचल प्रदेश के दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू, एम्स के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, हिडिंबा मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ मनाली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह बिलासपुर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मनाली के लिए रवाना होंगी और रात में यहीं रुकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे। इसके बाद सीएम एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और दोपहर बाद वापस शिमला लौटेंगे। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे।

खास बातें
- विभिन्न स्थानों पर नाके और बैरिकेडिंग की गई
- प्रस्तावित रूट पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई

अटल टनल रोहतांग जाएंगी


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

7 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू पहले अटल टनल रोहतांग जाएंगी। यहां से दोपहर 12 बजे वापस मनाली लौटेंगी। दोपहर बाद हिडिंबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। 8 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह के वक्त वापस दिल्ली लौटेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंगलवार शाम छह बजे से परसों दोपहर 12 बजे तक किसी भी वाहन को अटल टनल से जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

मनाली में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई

मनाली में प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुल्लू अभिषेक एस. विशेष रूप से मौजूद रहे। शर्मा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 117 के तहत यातायात संबंधी आदेश जारी किए हैं।

बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

6 अक्टूबर रात 8 बजे से 7 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों को अटल टनल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जरूरत के अनुसार इन वाहनों को प्रतिबंधित करने या वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट करने की व्यवस्था रहेगी। 7 अक्टूबर को पलचान से अटल टनल रोहतांग तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

बिलासपुर में भी बदला ट्रैफिक प्लान

राष्ट्रपति के बिलासपुर दौरे को देखते हुए घागस और जबली क्षेत्र में भी जरूरत के अनुसार यातायात को नियंत्रित और डायवर्ट किया जाएगा। राष्ट्रपति के काफिले की आवाजाही के दौरान कुछ समय के लिए आम यातायात को रोका या वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जा सकता है। बिलासपुर में जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने वाहन चालकों और स्थानीय लोगों से निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए बिलासपुर और कुल्लू में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एम्स परिसर, राष्ट्रपति के प्रस्तावित रूट और मनाली-अटल टनल क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

खबर संक्षेप

संचार साथी पोर्टल ने पार किए 30 करोड़ विजिट्स

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित संचार साथी पोर्टल ने मई 2023 में शुरू होने के बाद से 30 करोड़ से अधिक विजिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि दूरसंचार-आधारित धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के खिलाफ नागरिकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। संचार साथी महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा मंच बन गया है।

रकुल प्रीत बोलीं- कोई विदेशी लेन-देन नहीं

मुंबई। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खुद को आर्म्ड फोर्सेज़ के फैमिली में पली बढ़ी सेल्फ-मेड आर्टिस्ट बताते हुए कहा कि वह हमेशा से कानून का पालन करती आईं हैं और 20 साल की उम्र से टैक्स भरती आ रही हैं। उनका किसी भी तरह के विदेशी लेन-देन से लेना-देना नहीं है। कुछ लोग बगैर जांच पड़ताल किए मामले को बेवजह बड़ा बना रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद रेप केस में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर लगाए गए रेप के आरोप को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख तक जांच पूरी करने को कहा है। अगली तारीख 23 अक्टूबर की निश्चित कर दी है। दिल्ली पुलिस के पास अब 18 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

पवनखेड़ा को आपराधिक मुकदमे से राहत नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को पीएम नरेंद्र मोदी के नाम को लेकर फरवरी 2023 में की गई टिप्पणी से जुड़ा आपराधिक मामला उनका पीछा नहीं छोड़ रहा। इस पुराने मामले में पवन खेड़ा को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से कोई अंतिम राहत नहीं मिली है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम इसे किसी और दिन लिस्ट करेंगे।

पंजाब में बस पलटने से 4 लोगों की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले में सोमवार को एक बस पलट जाने से एक छात्र समेत चार लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। जिले के सदर बंगा थाने के प्रभारी (एसएचओ) परगट सिंह ने बताया कि चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ। बस मनाली से अमृतसर जा रही थी। बस में 40 यात्री सवार थे।

सीईसी के खिलाफ याचिकाओं पर एससी के नोटिस से गरमाई देश की सियासत

देश में डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं

भाजपा बोली- लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा देश कांग्रेस का आरोप- संविधान से विश्वासघात किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि देश बहुत लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा है। हर कोई खुलकर अपनी बात कर रहा है। सभी प्रक्रियाओं और प्रणालियों का पालन किया जा रहा है। लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल और कहां हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा है।

संबित पात्रा की यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग और केंद्र से एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगने के बाद आई है। यह जवाब उस याचिका पर मांगा गया था जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार की अगुवाई वाले चुनाव पैनल के उस तरीके को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत कथित तौर पर दो चुनाव आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी के बिना फैसले लिए गए थे। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी। मोहना वाली बेंच ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है।

भाजपा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है

भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा

लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल नहीं


संबित पात्रा


जयराम रमेश

पीएम मोदी और शाह के इशारे पर दिया धोखाः जयराम

कांग्रेस ने सीईसी पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर संविधान से विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास निर्वाचन आयोग में जनता का भरोसा बहाल करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अदालत ने निर्वाचन आयोग के उस तरीके को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आयोग ने दो निर्वाचन आयुक्तों की मंजूरी के बिना फैसले लिए।

एसआईआर प्रक्रिया दशकों पुरानी परंपराः सीएम फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई बात नहीं है। बल्कि, ये एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसे चुनाव आयोग दशकों से समय-समय पर अपनाता रहा है। भारत की चुनावी व्यवस्था में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया कई दशकों से चली आ रही है। मतदाता सूचियां सटीक और विश्वसनीय बनी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने विभिन्न चरणों में इन सूचियों का गहन संशोधन किया है। 1952 से 1956, उसके बाद 1957, 1961, 1965 और 1966 में भी पुनरीक्षण किया गया। आगे 1983-84, 1987-89, 1992, 1993 और 1995 में भी वोटर लिस्ट में बदलाव किए गए। चुनाव आयोग ने 2002, 2003 और 2004 में फिर से पुनरीक्षण किया।



ज्ञानेश कुमार देश के दुश्मनः राऊत



शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने भी सीईसी ज्ञानेश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच ज्ञानेश कुमार भूमिगत हो गए हैं। राउत ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उन विपक्षी सांसदों से मिलना चाहिए, जिनके साथ उन राज्यों में कथित तौर पर अन्याय हुआ है जहां चुनाव आयोग ने भाजपा की मदद की।

रंगे हाथ पकड़ा गया चुनाव आयोगः खेड़ा



कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि फॉर्म नंबर 6 में किए गए बदलावों को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी नहीं मिली है, जैसा कि चुनाव आयोग ने अपने सूत्रों के जरिए मीडिया और हम सभी को बताया था। इसलिए वे झूठ बोलते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आप युवाओं के बीच काफी बेचैनी देखेंगे और इसके बहुत जायज कारण हैं। युवाओं को लगता है कि उनके साथ पूरी तरह विश्वासघात हुआ है। युवा निराश और हताश महसूस कर रहे हैं। किसी भी जिम्मेदार और सभ्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि देश के युवा निराश न हों।



30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक फाइल फोटो

19 विपक्षी दल आज दिल्ली में चुनाव आयोग को घेरेंगे

एसआईआर का विरोध

संसद से मुख्यालय तक 3 किमी का मार्च निकालेंगे

एसआईआर को लेकर जारी विरोध के बीच 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को दिल्ली में चुनाव आयोग घेरेंगे। इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसद दिल्ली में 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालेंगे। वे संसद से चुनाव आयोग (ईसीआई) मुख्यालय तक करीब 3 किमी पैदल जाएंगे। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार समेत 25 विपक्षी दल शामिल हुए थे।

इंडिया ब्लॉक के पास लोकसभा में 178 सांसद

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही के मुद्दे पर एकजुट रहेंगे। लोकतंत्र में अंतिम अधिकार जनता का होना चाहिए। इंडिया ब्लॉक की 19 पार्टियां जो मार्च निकालेंगी। उनके पास लोकसभा में 178 और राज्यसभा में 62 सांसद हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनावी ढांचे को लेकर पार्टी की ओर से तीन मुख्य मांगें रखी।

राजपाल यादव को सुको की फटकार

कल तक जमा करें पूरे 5 करोड़ वरना फिर से जेल जाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के लंबे समय से जारी कई मामलों में एक निजी कंपनी के बकाये की रकम जमा करने का अपना वादा पूरा नहीं करने पर को अभिनेता राजपाल यादव को कड़ी फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने 15 सितंबर को यादव को दो सप्ताह का आखिरी मौका देते हुए निजी कंपनी को बकाया रकम चुकाने के लिए ठोस प्रस्ताव देने और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दो करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि दो सप्ताह की अवधि खत्म होने के बावजूद पांच अक्टूबर तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। राजपाल यादव के वकील ने कहा कि 50 लाख रुपए के डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी कोर्ट के सामने रखी गई है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 50 लाख रुपए? क्या यह असली भी है?



महिला सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले गुंडों के मन में कानून का डर पैदा करने की जरूरत है और ऐसा लगता है कि लोगों में यह भावना है कि शहर में, खासकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ संवेदनशील इलाकों में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में हाल में हुई दुष्कर्म की घटनाओं के संबंध में स्वतः संज्ञान वाले एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर महिला रात 11 बजे या उसके बाद भी खुद को सुरक्षित महसूस करे, चाहे वह सड़क पर यात्रा कर रही हो या मेट्रो में। दिल्ली पुलिस से कहा कि वह बस स्टैंड, रेलवे और मेट्रो स्टेशन, पार्क और स्कूल-कॉलेज जैसी सार्वजनिक जगहों पर निगरानी और गश्त बढ़ाने पर ध्यान दे।



राजमार्ग अवसंरचना पर चिंतन

गडकरी ने गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वस्तरीय मानकों पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ एकता नगर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राजमार्ग विकास में गुणवत्ता, सुरक्षा, गति और विश्व स्तरीय मानकों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में 'राजमार्ग अवसंरचना पर चिंतन शिविर 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रारंभिक चरण में बेहतर तैयारी से देरी को कम करने, लागत वृद्धि से बचने और राजमार्ग परियोजनाओं की दक्षता में सुधार करने में मदद मिल सकती है।


नितिन गडकरी

डीपीआर स्तर पर दें ध्यान

उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के स्तर पर अग्रिम योजना और तैयारियों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। क्रियान्वयन से पहले उचित सर्वेक्षण, संरेखण योजना, भूमि अधिग्रहण, संरचनाओं के स्थानांतरण और समय पर वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करनी चाहिए।

सड़क सुरक्षा डिजाइन का अभिन्न अंग हो

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को शुरुआत से ही राजमार्ग योजना और परियोजना डिजाइन का एक अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजमार्गों को सुरक्षित बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए योजना व निर्माण चरण के दौरान ही दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उचित सुरक्षा उपाय शामिल किए जाने चाहिए।

आईएफक्यूएम की वार्षिक कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले

6जी तकनीक में दुनिया के लिए मानक तय करेगा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि गुणवत्ता, मानक और नवाचार ही 'विकसित भारत 2047' के निर्माण की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक पहचान केवल उत्पादन क्षमता से नहीं, बल्कि गुणवत्ता और विश्वसनीयता से बनेगी। उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसा इकोसिस्टम विकसित हो रहा है जो गुणवत्ता, उत्कृष्टता और मानकीकरण को बढ़ावा दे रहा है। इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) की वार्षिक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कही।

भारत 'स्टैंडर्ड टेकर' नहीं बल्कि 'स्टैंडर्ड मेकर' बना

गुणवत्ता से ही 'ब्रांड इंडिया' मजबूत होगा


केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए गुणवत्ता जरूरी

सिंधिया ने कहा कि भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने के लिए गुणवत्ता को हर स्तर पर प्राथमिकता देनी होगी। मोबाइल प्रौद्योगिकी के इतिहास में पहली बार भारत केवल दूसरे देशों द्वारा तय किए गए मानकों का पालन करने वाला देश नहीं रह गया है। 6जी के लिएभारत वैश्विक मानक निर्धारण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बन रहा है।

वैश्विक 6जी तकनीक से जुड़े पेटेंट्स

सिंधिया ने कहा कि भारत अब केवल 'स्टैंडर्ड टेकर' नहीं बल्कि 'स्टैंडर्ड मेकर' और तकनीकी प्लेटफॉर्म विकसित करने वाला देश बन रहा है। भारत का लक्ष्य वैश्विक 6जी तकनीक से जुड़े कुल पेटेंट्स में 10 प्रतिशत योगदान देना है। उन्होंने बताया कि भारत 6जी एलायंस इस दिशा में लगातार काम कर रहा है और भारत पहले ही कई वैश्विक पेटेंट दाखिल कर चुका है।

हर क्षेत्र में गुणवत्ता आधारित सोच को बढ़ावा दें

सिंधिया ने कहा कि गुणवत्ता मानक किसी भी देश के ब्रांड मूल्य को निर्धारित करते हैं और भारत के लिए यह 'ब्रांड इंडिया' को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्ता-आधारित सोच को हर क्षेत्र में बढ़ावा देना होगा। गुणवत्ता, नवाचार और तकनीकी नेतृत्व का संयोजन भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिला सकता है।

गुजरात में सोलर क्षमता बढ़ेगी

15,000 और सरकारी इमारतों में लगाए जाएंगे रूफटॉप सिस्टम

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात प्रशासन 2026-27 के दौरान 15,000 और सरकारी इमारतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने की योजना बना रहा है। इस विस्तार से राज्य की मौजूदा रूफटॉप सोलर क्षमता में लगभग 65 मेगावाट की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिससे इस प्रोग्राम की कुल क्षमता 160 मेगावाट से ज्यादा हो जाएगी। इस साल मार्च तक गुजरात में 6,014 सरकारी इमारतों में ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 95 मेगावाट है। 2011-12 से क्लाइमेट चेंज डिपार्टमेंट के तहत गुजरात एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा लागू किए जा रहे इस प्रोग्राम का मकसद रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ाना और पारंपरिक बिजली पर सरकारी खर्च को कम करना है। क्लाइमेट चेंज मिनिस्टर अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि 2025-26 के दौरान, 1,377 सरकारी इमारतों पर रूफटॉप सिस्टम लगाए गए।



नारद मोह के बाद गूंजी राम जन्म की किलकारी
जयश्रीराम के जयघोष से गूंजा गोविंदगंज

जबलपुर। जैसे ही प्रभु श्रीराम, अनुज लक्ष्मण-भरत-शत्रुघन के जन्म की किलकारी गूंजी, वैसे ही दर्शकों की भीड़ ने जयश्रीराम क उदघोष किया। अवसर था गोविंदगंज रामलीला के प्रथम दिन की लीला का। नारद मोह के बाद रामजन्म की लीला हुई। व्यास पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि राम जन्म के अनेक हेतुओं में से एक नारद मोह भी है। इसी की भावपूर्ण लीला का मंचन हुआ। राम जन्म के साथ ही रावण-मेघनाद-कुंभकरण की तपस्या, कामदेव की लीला, इंद्र का घबराना और फिर विश्वमोहिनी संवाद की लीला से दर्शक रूबरू हुए।



सभी ने मनाया आनंदोत्सव

रामलीला मंच पर राम के जन्म का उत्सव सभी ने मनाया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि ये अवसर सभी के लिए खास होता है। हर वर्ष इस अवसर पर प्रसाद, लड्डु-हरीरा आदि वितरित किया जाता है। आज मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण को महाभोग लगाया गया। आज की लीला में अतुल पांडे, प्रयाग मिश्रा, दीपक नामदेव, सीताराम शास्त्री, पवन पांडे सहित अनेक कलाकारों की शानदार प्रस्तुति रही।

आज ताड़का वध व अहिल्या उद्धार की होगी लीला

पं. तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज मंगलवार को ताड़का वध, मारीच सभा और अहिल्या उद्धार की लीला मंचिंत की जाएगी। मंच पर ताड़का की उपस्थिति पर खास जोर दिया गया है। इसके साथ ही भगवान के चारों भाइयों को आज रथ पर सवार करके मंच पर उतारा जाएगा। वहीं मरीज-सुबाहु वध की लीला को नयनाभिराम बनाने तैयारी की जा रही है।

प्रकृति पूजा से होगा प्रकृति संरक्षण

जबलपुर। हिन्दू धर्म में प्रकृति पूजा को प्रकृति संरक्षण की भावना से जोड़ा गया है। भारत में पेड़-पौधों, नदियों, पर्वतों, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि और वायु सहित प्रकृति के विभिन्न स्वरूपों के साथ मानवीय संबंध स्थापित किए गए हैं। पेड़ों को संतान और नदियों को मां का स्वरूप देकर उनके संरक्षण का संदेश दिया गया। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राजकुमार सिन्हा ने कहा कि प्राचीन भारतीय ऋषि-मुनि प्रकृति और मानव स्वभाव की गहरी समझ रखते थे। उन्होंने प्रकृति के साथ मनुष्य का भावनात्मक संबंध विकसित किया, ताकि मानव अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति को नुकसान न पहुंचाए। उन्होंने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन के दौर में प्राचीन भारतीय चिंतन और अधिक प्रासंगिक हो गया है। जंगल, नदियां, मिट्टी, हवा, पर्वत और जीव-जगत सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव सभ्यता भी सुरक्षित रह सकती है।उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजा का आधुनिक स्वरूप आस्था से संरक्षण, संरक्षण से संतुलन और संतुलन से सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ने का संदेश देता है। यही मानव और प्रकृति के बीच बेहतर सामंजस्य की दिशा में सार्थक कदम है।



वीरांगना मां रानी दुर्गावती की जयंती पर भाजपा ने किया नमन

जबलपुर। वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा भंवरताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अजय बिश्नोई एवं अभिलाष पाण्डेय, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित भाजपा पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास में नारी शक्ति, शौर्य, नेतृत्व, जनसेवा और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणादायी प्रतीक हैं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी कुशलता से शासन चलाते हुए प्रजा के हित, कृषि, जल-संरक्षण और जनकल्याण को प्राथमिकता दी। राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन आज भी साहस, संघर्ष, स्वाभिमान, सुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। युवाओं को उनके जीवन एवं संघर्ष से परिचित कराना समाज का दायित्व है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सेवा सेतु अभियान के तहत पीएम सूर्य घर योजना को लेकर लगा शिविर

जबलपुर। शहर संभाग विजयनगर में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता एवं समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप सिस्टम, शासकीय सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया एवं योजना के आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।उप महाप्रबंधक (सोलर) श्रीमती सुनंदा यादव सहित सोलर सेल के अधिकारी, संभागीय कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, सोलर वेंडर्स एवं फाइनेंशियल हेल्प डेस्क के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान करते हुए सोलर सिस्टम की स्थापना, वित्तीय विकल्प और सब्सिडी प्रक्रिया समझाई। शिविर में कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही रूफटॉप सोलर लगवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाकर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा बिजली खर्च में कमी लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संस्कारधानी में सुव्यवस्थित शालेय खेलों का आयोजन गर्व का विषय : महापौर

जबलपुर। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 अक्टूबर को एमएलबी स्कूल खेल परिसर में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें जूडो के 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका तथा गतका के 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विभिन्न संभागों के प्रतिभागियों ने बैंड की मधुर धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। महापौर ने कहा कि संस्कारधानी में लगातार सुव्यवस्थित तरीके से शालेय खेलों का आयोजन गर्व की बात है। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ व्यक्तित्व, आत्मबल, अनुशासन और एकाग्रता का विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 संभागों से लगभग 700 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल हो रहे हैं। जूडो एमएलबी विद्यालय और गतका दशमेश हॉल, मदन महल में आयोजित होगा। खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए समितियां गठित की गई हैं। इस अवसर पर अखिलेश जैन, रिकुंज विज, घनश्याम सोनी, रैना यादव सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।





जनेकृविवि के 63वें स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद सभागार में रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अल्पना सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कुलपति ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है। इसलिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. दीपक राठी, डॉ. विनोद कुमार गर्ग, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. अमित झा, डॉ. राहुल डोंगरे, डॉ. सोनम अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पमरे के तीनों मंडलों में चला विशेष गहन सफाई अभियान

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2026, स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता विशेष अभियान 6.0 के तहत 3 से 5 अक्टूबर तक जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों और रेल परिसरों में विशेष गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, सीढ़ियों, प्रतीक्षालय, शौचालय, पार्किंग एवं सर्कुलेटिंग एरिया की यांत्रिक उपकरणों से डीप क्लीनिंग और प्रेशर वॉशिंग की जा रही है। नालियों एवं जल निकासी मार्गों की सफाई के साथ डस्टबिन की स्क्रबिंग भी की जा रही है। पेंट्री कार, बेस किचन एवं कैटरिंग इकाइयों में किचन सरफेस, उपकरणों, स्टोरेज रैक और ड्रेनेज की गहन सफाई के साथ कीट एवं कृंतक नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रूम, रनिंग रूम एवं कार्यालयों की भी डीप क्लीनिंग की जा रही है। अभियान में मैकेनाइज्ड स्क्रबर-ड्रायर, हाई-प्रेशर जेट वॉशर, राइड-ऑन स्वीपर एवं फॉगिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। सफाई कार्यों का Before & After फोटो दस्तावेजीकरण कर



अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ सिख समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

जबलपुर। भारतीय संस्कृति, विविध भाषाओं तथा धार्मिक एवं सामाजिक समरसता की जीवनशैली हमारी समृद्ध विरासत है। यही हमारी शक्ति है, जिसके बल पर हम वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। यह विचार शिक्षाविद् सरबजीत सिंह रेणुका, लुधियाना ने गुरमत मिशन जबलपुर सर्किल द्वारा गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, महानद्दा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति, कला, क्रीड़ा, सामाजिक सेवा, नेतृत्व, नवाचार एवं व्यावसायिक क्षेत्र सहित विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 90 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं युवक-युवतियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मस्तान सिंह चावला ने की। सरदूल सिंह, रजिस्ट्रार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, तनजीत सिंह छावड़ा एवं गुरमीत सिंह छावड़ा सहित अन्य गणमान्यजन मंचासीन रहे। संचालन गुरप्रीत कौर कालरा ने किया, जबकि मिशन अध्यक्ष शमशेर सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन की सफलता में मंजीत सिंह खालसा, जोगा सिंह, फुलवीर सिंह, जगजीत सिंह उप्पल एवं परमजीत सिंह पटियाला का योगदान रहा।



पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ

जबलपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए शिव पार्क उद्यान, एचबी कॉलेज के सामने, विजय नगर में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित बनाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करना है। अभियान का शुभारंभ परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी ने आम का पौधा रोपकर किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक सहित परिषद के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया सेवा संकल्प का संदेश

जबलपुर। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम "हमारा सेवा संकल्प-पर्यावरण संरक्षण" एवं "कौशल विकास से सेवा और रोजगार" रही। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से वृक्षारोपण, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित भारत, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि चित्रकला सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेशों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। प्राचार्य डॉ. राजीव जैन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ सामाजिक चेतना और कौशल विकास को बढ़ावा देती हैं। निर्णायक मंडल में श्रीमती अर्चना साहू एवं फैशन डिजाइनर श्रेया जैन शामिल रहीं। कलाकृतियों का मूल्यांकन मौलिकता, रचनात्मकता, डिजाइन, रंग संयोजन एवं समग्र प्रस्तुति के आधार पर किया गया। आयोजन में विभागीय स्टाफ का सहयोग रहा।

महाकौशल कॉलेज में रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती पर हुई संगोष्ठी

जबलपुर। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के तत्वावधान में महाकौशल शासकीय महाविद्यालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक ने रानी दुर्गावती के शौर्य, स्वाभिमान एवं प्रशासनिक कुशलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन लंबा होना जरूरी नहीं, बल्कि सार्थक होना आवश्यक है। डॉ. स्थापक ने रानी दुर्गावती के जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास एवं महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने मुगल सेना के विरुद्ध उनके संघर्ष तथा सेनापति आधार सिंह, महिला वाहिनी और उनके बलिदान से जुड़े प्रसंग भी साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. अल्केश चतुर्वेदी ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य अभियंता हरि सिंह गौड़ रहे। इस अवसर पर वाइल्डलाइफ के पूर्व डायरेक्टर डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव, शोध संस्थान के सचिव डॉ. विजय आनंद मरावी सहित प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में युवाओं से 'माई कंट्री फर्स्ट, माई इंडिया फर्स्ट' के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया गया।

धनुष यज्ञ रामलीला सदर का मुकुट पूजन जुलूस आज

जबलपुर। धनुष यज्ञ रामलीला समिति द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रामलीला आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति अध्यक्ष सीताराम कुरचनिया, व्यवस्थापक अभिषेक चौकसे एवं मधुर तिवारी ने बताया कि 5 अक्टूबर को धनुष यज्ञ रामलीला मैदान में यज्ञ पूजन एवं देवताओं का आवाहन किया जाएगा। वहीं 6 अक्टूबर को मुकुट पूजन जुलूस, महाआरती और पुष्पवर्षा का आयोजन होगा। आयोजन में भगवान श्री मर्यादा पुरुषोत्तम राम की महाआरती, गायत्री मंत्र उच्चारण, सनातन संस्कृति की झलक, ढोल-धमाके, नृत्य, रंग-बिरंगी आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आधुनिक तकनीक एवं संगीत के माध्यम से रामलीला का भव्य चित्रण भी किया जाएगा। समिति ने शहरवासियों, सदर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से 5 एवं 6 अक्टूबर के कार्यक्रमों में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

चेतन मैदान में चला स्वच्छता व कचरा पृथक्कीकरण अभियान

जबलपुर। स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा संभाग क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 67 स्थित चेतन मैदान, बिलहरी में स्वच्छता एवं कचरा पृथक्कीकरण को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज एवं स्वच्छता चैंपियन सत्यजीत राय की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान नागरिकों को गीला, सूखा, सेनेटरी एवं विशेष देखभाल योग्य कचरा अलग-अलग रखने तथा स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्कीकरण अपनाने के लिए जागरूक किया गया। चेतन मैदान एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को घर, गली और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने में नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। क्षेत्रवासियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। नगर निगम ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने और स्वच्छ शहर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।



अहिरवार समाज महापरिषद् का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

जबलपुर। अहिरवार समाज महापरिषद् जबलपुर (मप्र) का त्रिवार्षिक चुनाव 2026-29 संत रविदास सूर्यवंशी सभा, संविधान चौक, तिलवारा घाट में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समाज के मतदाताओं ने बदलाव और युवा नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए पूरी कार्यकारिणी को भारी मतों से विजयी बनाया। परिणाम घोषित होने के बाद समाजजनों में उत्साह का माहौल रहा। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रांतीय अध्यक्ष मूलचंद चौधरी (मोरेजी), अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी, महासचिव एडवोकेट पवन रोहित और कोषाध्यक्ष डीसी चौधरी चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर संजय अहिरवार, सुशील अहिरवार (राजा) एवं संदीप सूर्यवंशी, जबकि सचिव पद पर एडवोकेट गोविंद दास अहिरवार, एडवोकेट प्रदीप अहिरवार एवं राम मिलान चौधरी निर्वाचित हुए। उपकोषाध्यक्ष पद पर आरडी अहवाल चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे अहिरवार समाज की जीत है। नई टीम शिक्षा, सामाजिक एकता और समाज के सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। महासचिव एडवोकेट पवन रोहित एवं सचिव एडवोकेट गोविंद दास अहिरवार ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के कार्यों में पारदर्शिता और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास करने का संकल्प जताया। चुनाव को सफल बनाने में समाज के बुजुर्गों, मातृशक्ति, युवाओं तथा दास प्रसाद अहिरवार, आरडी चौधरी, प्रहलाद चौधरी सहित चुनाव समिति का विशेष योगदान रहा।

जीआरपी ने अपहृत महिला को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

जबलपुर। थाना जीआरपी जबलपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 522/26, धारा 140(3) बीएनएस के प्रकरण में अपहृत महिला शालिनी मिश्रा (26) को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। महिला 1 अक्टूबर 2026 को अपने पिता के साथ थाना उपस्थित हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह ट्रेन क्रमांक 15018 काशी एक्सप्रेस से प्रयागराज से मुंबई जाते समय इटारसी स्टेशन पर उतर गई थी और अपनी स्वेच्छा से मायके चली गई थी। महिला ने बताया कि उसके साथ किसी प्रकार की जोर-जबरदस्ती अथवा कोई अपराध नहीं हुआ। पुलिस द्वारा महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद माननीय न्यायालय में धारा 183 बीएनएसएस के तहत उसके कथन दर्ज कराए गए। महिला ने अपने पिता के साथ जाने की इच्छा व्यक्त की, जिसके बाद आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर उसे पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

जैन सोशल ग्रुप 129 ने लगाए फूल और फलदार पौधे

जबलपुर। जैन सोशल ग्रुप 129 के संयुक्त तत्वावधान में सगड़ा जैन मंदिर दादावाड़ी में धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान धर्मनाथ मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना, आरती एवं भक्ति संध्या भी हुई अवसर पर आगामी दीपावली पर विभिन्न स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को ग्रुप की ओर से मिठाई वितर। मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए फूल और फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आगामी दीपावली पर विभिन्न स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को ग्रुप की ओर से मिठाई वितरित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्रीमती चंदनमाला गोलछा, सचिव रजनीकांत शाह, सह-सचिव आरती संघवी, प्रमिला जालोरी, एम.एम. जालोरी, सुधीर संचेती, अरुण सुराना एवं अर्पिता ओसवाल का विशेष सहयोग रहा। पूर्व अध्यक्ष मयूर संघवी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक भावना के साथ सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनशीलता का संदेश देना था।

CHANGE OF NAME
I, **SHAKUNTALA DEVI** is legally Mother of No **17001413P** Rank **HMT** Name **SUBHASH** presently, residing at **VILL-GODHARI, PO- ACHHEJ, TEH BERI, DISTT-JHAJJAR (HARYANA)-124106** I, have changed of my name from **SHAKUNTLA DEVI** (Name as per my **SON,** Army service records)) to **SHAKUNTALA DEVI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 5735 5570 4859, AND PAN CARD NO. GUEPD3498D)** vide affidavit dated **05/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR M.P.
CORRECT NAME
SHAKUNTALA DEVI
INCORRECT NAME
SHAKUNTLA DEVI

खबर संक्षेप

कॉर्टेवा की फसल सुरक्षा क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत

इंदौर। कॉर्टेवा ने अपने उन्नत बीज एवं जेनेटिक्स व्यवसाय का सफलतापूर्वक स्पिन-ऑफ कर खुद को एक अग्रणी और पूर्णतः समर्पित वैश्विक फसल सुरक्षा कंपनी के रूप में स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी के सीईओ ल्यूक किसम ने इसे कॉर्टेवा के लिए नई शुरुआत बताते हुए कहा कि कंपनी अब अधिक फोकस, गतिशीलता और नवाचार के साथ किसानों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करेगी।

भारत फोर्ज और प्रैट के बीच एयरोस्पेस करार

मुंबई। भारत फोर्ज लिमिटेड ने प्रमुख एयरोस्पेस इंजन निर्माता प्रैट एंड व्हिटनी कनाडा के साथ मिशन-क्रिटिकल एयरोस्पेस इंजन कंपोनेंट्स की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक करार किया है। इस साझेदारी को वैश्विक एयरोस्पेस सप्लाई चेन में भारत फोर्ज की मजबूत होती भूमिका के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। करार के तहत इन महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स का निर्माण भारत फोर्ज की भारत स्थित अत्याधुनिक एयरोस्पेस सुविधा में किया जाएगा।

हिमालया ने की विजेताओं की घोषणा

इंदौर। हिमालया बेबीकेयर ने अपने 'गोल्डन गिफ्ट पैक प्रतियोगिता' के विजेताओं की घोषणा की है। प्रतियोगिता में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं का चयन किया गया। इनमें चार विजेताओं को एक-एक लाख रुपये मूल्य का सोना, जबकि आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपए के चांदी वाउचर पुरस्कार के रूप में दिए गए हैं।

छात्रों से अवसरों का लाभ उठाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान

कीट डीम्ड विवि के दीक्षांत समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को मिली डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हो गया। समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। देश-विदेश से पहुंचे गणमान्य अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, नवाचार को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कीट की यात्रा को "दृष्टि, दृढ़ता और संकल्प" की मिसाल बताया। उन्होंने संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत, विश्वविद्यालय के नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों के उच्च शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत का भविष्य तकनीक और आधुनिकीकरण से निर्धारित होगा। उन्होंने तकनीकी प्रगति के साथ देश की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य कांग्रेस सदस्य माइकल बॉमगार्टनर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान विश्व में शांति और स्थिरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोंटाना राज्य विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ब्रॉक टेसमैन ने भी छात्रों को संबोधित किया।

उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण एवं रजत पदक मिले



अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों को किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थापक स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पीके बाल स्मृति स्वर्ण पदक, पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड स्वर्ण पदक, ननीबाला स्मृति स्वर्ण पदक, कृष्ण चंद्र पंडा स्मृति स्वर्ण पदक और डॉ. वाटी परमहंस स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा कुलपति रजत पदक, डॉ. नितीश कांत रजत पदक और श्रीमती मंजू रथ रजत पदक भी दिए गए। डिग्री प्राप्त छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का संकल्प लिया।

भारत में युवाओं के सामने अपार अवसर

समारोह में मोतीलाल ओसवाल, डॉ. गौतम रॉय चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार चित्रा त्रिपाठी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने छात्रों को संबोधित किया। मोतीलाल ओसवाल ने डॉ. अच्युत सामंत के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 1992 से कीट और कीस के विशाल परिसरों का निर्माण उनकी "निष्ठा, प्रयास और त्याग" का परिणाम है। नीति आयोग के सदस्य प्रो. गोवर्धन दास, रोमानिया के क्रायोवा विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रो. सेजार इओनुत स्पीनु तथा होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान के डीन प्रो. आवेश कुमार त्यागी ने भी छात्रों को संबोधित किया। आरपी-संजीव गोयनका समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजीव गोयनका ने कहा कि नए और तेजी से उभरते भारत में युवाओं के सामने अपार अवसर हैं। वहीं एसआरएम समूह के अध्यक्ष डॉ. रवि पचमूथु ने भी स्नातकों को संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक कुमार परिजा ने की। कुलपति प्रो. सरनजीत सिंह तथा कुलसचिव एवं प्रशासन के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. ज्ञान रंजन महंती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्राच्य विद्या सम्मेलन 10 को, जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम होगा पतंजलि विवि में : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहे 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृत, संस्कृति और प्राच्य विद्याओं के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार पर व्यापक विमर्श होगा। विद्यार्थियों और शोधार्थियों में



बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है। अब तक करीब एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है।

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत के संस्कार, सभ्यता, योग विद्या, अध्यात्म, संस्कृति, शास्त्र परंपरा और सनातन विरासत जिस संस्कृत भाषा में सुरक्षित है, उस संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम पतंजलि विश्वविद्यालय में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन केवल विद्वानों के विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-संपदा के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्षों को सामने लाने और नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। स्वामी रामदेव ने बताया कि सम्मेलन में भारत के साथ विभिन्न देशों से प्राच्य विद्या के विद्वान, शिक्षाविद, शोधकर्ता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के एक मंच पर आने से भारतीय ज्ञान-परंपरा के विविध आयामों पर सार्थक विमर्श का अवसर मिलेगा। स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि का मूल संकल्प "विरासत और विज्ञान, शोध और बोध, दृष्टि और दक्षता" के समन्वय से भारतीय ज्ञान-परंपरा को आधुनिक संदर्भों में स्थापित करना है। प्राचीन विद्याओं में निहित ज्ञान केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के समाधान में भी उपयोगी हो सकता है। इसके लिए गंभीर अध्ययन, शोध और आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ जरूरी है।

योग, आयुर्वेद से वेद-वेदांत तक होगा मंथनः सम्मेलन में योग, आयुर्वेद, दर्शन, साहित्य, वेद, वेदांत, भाषा, व्याकरण, इतिहास और पुरातत्व सहित भारतीय विद्याओं की विभिन्न धाराओं पर गहन चर्चा होगी। भारतीय चिंतन, संस्कृति, परंपरा और ज्ञान-विज्ञान के विविध पक्षों पर शोधपरक प्रस्तुतियां भी होंगी। स्वामी रामदेव ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों, भाषा, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा को जानना भविष्य को मजबूत बनाने का आधार है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन भारतीय प्राच्य विद्याओं के अध्ययन, अनुसंधान और प्रसार को नई गति देगा ।

पीएनबी ने 'उत्सव फेस्टिविटीज 2026' अभियान किया लांच, खुदरा ऋणों पर मिलेगा विशेष लाभ

15 हजार रु. तक के कानूनी एवं मूल्यांकन शुल्क बैंक वहन करेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में शामिल पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने त्योहारी सीजन के अवसर पर अपने विशेष खुदरा ऋण अभियान 'पीएनबी उत्सव फेस्टिविटीज 2026 - सपनों का उत्सव, जीवन का उत्सव' की शुरुआत की है। अभियान के तहत बैंक ने आवास ऋण, कार ऋण, मॉर्गेज ऋण, संपत्ति पर ऋण सहित विभिन्न खुदरा ऋण उत्पादों पर ग्राहकों के लिए आकर्षक लाभों की घोषणा की है। अभियान का उद्देश्य ग्राहकों की त्योहारी जरूरतों और आकांक्षाओं को आसान वित्तीय समाधानों के माध्यम से पूरा करना है। इसके तहत पात्र ग्राहकों को ऋण से जुड़े विभिन्न शुल्कों में छूट और ब्याज दरों में रियायत का लाभ मिलेगा। 25 लाख रुपए और उससे अधिक के पात्र आवास ऋण टेकओवर मामलों में जीएसटी को छोड़कर 15,000 रुपए तक के एनईसी, कानूनी एवं मूल्यांकन शुल्क का वहन बैंक करेगा।

आरएसपीएल ग्रुप का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा'

भोपाल। आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा' भोपाल में लांच किया। कैंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित घड़ी डिटर्जेंट की ब्रांड एंबेसडर के रूप में नजर आ रही हैं। कैंपेन फिल्म में घड़ी डिटर्जेंट के नए फॉर्मूलेशन की सफाई क्षमता और गुणवत्ता को अलग-अलग परीक्षणों के जरिए प्रदर्शित किया गया है। कंपनी के मुताबिक नया फॉर्मूला कपड़े धोने के बदलते तरीकों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। फिल्म में माधुरी दीक्षित नए पैक के साथ दिखाई देती हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO - 642 Date - 05/10/2026 2026_UAD_539799_1	संभाग क्र. 07 अंतर्गत पाँच वार्डों की विभिन्न कच्ची सड़कों का हार्ड मुरूम/डस्ट/जी.एस.बी./डब्ल्यू.एम.एम. एवं डब्ल्यू बी.एम. मटेरियल से समतलीकरण कार्य।	04 माह 08.24	2000/- 8244/-	25/10/2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2622333 E-mail:- eepwd2jbp@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक 29/व.ले.लि./2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // जबलपुर, दिनांक 30.09.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

सं क्र	टेन्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	कार्य की अनुमानित राशि रू. (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_539988_pack1	सिविल लाईन स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों में फ्लोरिंग बदलना एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2026_PWDRB_539989_pack1	सिविल लाईन स्थित ऑफीसर्स बंगलों में छज्जा एवं छत मरम्मत का कार्य ।	प्रथम	19.98	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2026_PWDRB_539992_pack1	चरगवां उपखण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गो मे बी.टी. पेंच रिपेयर एवं अन्य कार्य ।	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2026_PWDRB_539993_pack1	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत ई एन टी ओ.पी.डी. एवं एकेडेमिक एरिया में लीकेज, सीपेज, प्लास्टर मरम्मत, फ्लोरिंग, रंगाई पुताई, फ्लाई प्रूफ वायर प्लबिंग एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य एवं एस.सी.आई. के कैंसर वार्ड में विभिन्न कार्य । (डिपॉजिट कार्य)	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
5	2026_PWDRB_539994_pack1	भेड़ाघाट जबलपुर में साईट लेबलिंग एवं हेलीपेड निर्माण का कार्य । (डिपॉजिट कार्य)	प्रथम	19.50	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
6	2026_PWDRB_539995_pack1	सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में बाउण्ड्रीवॉल मरम्मत एवं अन्य कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
7	2026_PWDRB_539996_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत एफ-टाईप ऑफीसर्स क्वार्टर्स में रिपेयरिंग, पुट्टी, इमलशन, पेंट का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
8	2026_PWDRB_539997_pack1	सिविल लाईन स्थित ई-टाईप ऑफीसर्स क्वार्टर्स में रिपेयरिंग, पुट्टी, इमलशन, पेंट का कार्य ।	प्रथम	19.98	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
9	2026_PWDRB_539998_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में एडीशन एवं आल्ट्रेशन का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
10	2026_PWDRB_539999_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में एवं रेस्ट हाऊस पाटन में रंगाई पुताई का कार्य ।	प्रथम	10.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
11	2026_PWDRB_540000_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत किसरोद दिघोरी घंसौर मार्ग में रखरखाव का कार्य ।	प्रथम	19.90	40,000/-	2,000/-	02माह वर्षा ऋतु सहित
12	2026_PWDRB_540001_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में रखरखाव एवं मरम्मत कार्य ।	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
13	2026_PWDRB_540002_pack1	जबलपुर जिला अंतर्गत विभिन्न शहरी मार्गों इन्द्रा नगर से रूकमणी विहार, शारदा चौक, मदन महल, एल.आई.सी. चौक से शिमला हिल्स तथा सांई नगर रामपुर छापर, कृष्णा हिल्स इत्यादि में मजबूतीकरण का कार्य । (द्वितीय आमंत्रण)	द्वितीय	337.89	337890/-	15,000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 15.10.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 2. जबलपुर

G-19501/26 " स्वच्छता ही सेवा "

आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च की नई ब्रांड पहचान

मुंबई। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नई ब्रांड पहचान के साथ अब आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड नाम से अपनी नई ब्रांड यात्रा शुरू की है। कंपनी ने आने वाले कल को आसान बनाने के वादे के साथ नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन पेश की है।कंपनी के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख श्री श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने कहा कि आईसीआईसीआई नाम देश में भरोसे, मजबूती और वित्तीय पहुंच का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में कंपनी ने 20 करोड़ से अधिक भारतीयों के सपनों और भविष्य को सुरक्षित करने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि बदलते करियर, पारिवारिक संरचना, लंबी जीवन अवधि और वित्तीय प्राथमिकताओं के बीच भविष्य की योजना अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। नई ब्रांड पहचान का उद्देश्य जीवन बीमा को सरल, पारदर्शी, लचीला और आसान बनाना है। कंपनी का कहना है कि वह ग्राहकों को भविष्य से जुड़े निर्णय अधिक स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ लेने में सक्षम बनाने तथा वर्ष 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

एआई+ स्मार्टफोन ने बिग बिलियन डेज़ के लिए नई कीमतों की घोषणा

नई दिल्ली। एआई+ स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ 2026 के दौरान नोवा और पल्स सीरीज़ के लिए विशेष कीमतों की घोषणा की है। सीरीज़ की कीमत 8,999 से शुरू होगी।



कंपनी के अनुसार, स्मार्टफोन स्वच्छ डिजाइन, लंबी बैटरी लाइफ और दैनिक उपयोग के लिए बेहतर प्रदर्शन के साथ भारत में निर्मित तथा एनएक्सटीक्वांटम ओएस से संचालित हैं।

पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी समेत विभिन्न मॉडल पेश किए गए हैं। इनमें 6000 एमएएच तक की बैटरी, 50 मेगापिक्सेल एआई कैमरा, डुअल 5जी, एमोलेड डिस्प्ले और आईपी68 रेटिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वहीं, नोवाफ्लिप 5जी की कीमत 49,999 घोषित की गई है।कंपनी के अनुसार ऑफर सीमित अवधि के लिए फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगे और बैंक ऑफर सहित कीमतें स्टॉक समाप्त होने तक लागू रहेंगी। एआई+ स्मार्टफोन भारत में निर्मित एवं एनएक्सटीक्वांटम ओएस आधारित मोबाइल अनुभव उपलब्ध कराने पर केंद्रित है।

आईडीए के 'इवॉल-द ग्लोबल रनवे' में 300 से अधिक डिजाइंस का जलवा

जबलपुर। इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (**IDA**) द्वारा 4 अक्टूबर को 'इवॉल-द ग्लोबल रनवे' फैशन शो का भव्य आयोजन किया गया। देशभर की 20 से अधिक फ्रेंचाइजी से आए युवा डिजाइनरों ने 300 से अधिक आकर्षक एवं इनोवेटिव डिजाइंस रैंप पर प्रस्तुत किए। ट्रेडिशनल, फ्यूजन और वेस्टर्न वियर के कलेक्शन ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया।आईडीए की डायरेक्टर एवं फाउंडर बतुल अली ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करने के साथ उन्हें अपने ब्रांड एवं स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय मॉडल्स और अनुभवी कोरियोग्राफर्स के मार्गदर्शन में हुई प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में ग्लैमर का रंग भर दिया। शो में 'ब्राउन एंड ब्लैक द लेदर स्टूडियो' ने अपने विशेष लेदर कलेक्शन प्रदर्शित किए। आईडीए के छात्र लंदन, मिलान एवं रोमानिया फैशन वीक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से आए डिजाइन संस्थानों के संचालकों, एकेएस यूनिवर्सिटी एवं आईटीआई के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन में फैकल्टी टीम एवं सहयोगी ब्रांड्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्पले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

सिंह — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

शब्द पहेली - 6369



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6368 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	ब
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		तं
द	र	द	रा			सा		ग	रि	मा
र		हो		व	सु	ध	र		या	न
	कु	श	ल		दा		जा	य	ज	
मि	लं		क	रा	मा	त		म		अ
ला	न	त		त			प	रा	धी	न
ब		ल	ता		अ	च	र	ज		ब
ट	ब		ली	न	ता		तं		मी	न
	स	ला	म	त		मि	त्र	व	त	

सूडोकु नवताल - 6379



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6378 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि

सहेली

जबलपुर, मंगलवार
6 अक्टूबर, 2026



स्पेशल : इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे, 11 अक्टूबर

राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय, बालिकाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक है। वे कुपोषण का शिकार हैं, शिक्षा नहीं हासिल कर सकतीं, उनका बाल विवाह हो रहा है, भ्रूण हत्याएं जारी हैं। वे हिंसा का शिकार होती हैं। कानूनी अधिकारों से वे वंचित हैं। सबसे अधिक दुखदायी स्थिति है बेटियों के साथ सामाजिक और पारिवारिक भेदभाव। दुनिया की सभी बालिकाएं अपना हक पाएं, सुखी जीवन हासिल करें, इसके लिए बहुत जरूरी है, वैश्विक स्तर पर साझे प्रयास किए जाएं।

दुनिया भर में कायम है बेटियों की जद्दोजहद

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

किसी भी देश या समाज की दशा-दिशा के मुताबिक बेटियों के जीवन से जुड़ी परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। दुनिया का कोई भी कोना हो, बच्चियों को असहज करने वाली बातों और हालातों में फर्क आ ही जाता है। हर जगह बड़ी होती लाडलियों के सामने आने वाली समस्याओं में भी अंतर होता है। आगे बढ़ने और अपने सपने साकार करने में आने वाली अड़चनों से जुड़ी शिकायतें भी थोड़ी भिन्न होती हैं। इतना ही नहीं, आम-सी जिंदगी जीने की सहजता भी संसार के हर कोने में एक-सी नहीं है। हर परिवेश में बेटियों के हिस्से आई सुविधाएं और दुविधाएं अलग-अलग होती हैं। यहां तक कि जन्म लेने से पहले ही उनका जीवन छीन लेने की स्थितियां भी दुनिया के कई हिस्सों की अजन्मी बेटियों को झेलनी पड़ती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पीड़ाओं का रंग-ढंग भले अलग हो, दुनिया के हर भू-भाग में बेटियों को बहुत-सी तकलीफों से जूझना ही पड़ता है। अनकहा-सा दबाव और बंदिशें उनके हिस्से आती ही हैं। इसी के चलते आज भी दुनिया भर में बेटियों की जद्दोजहद कायम है।

ग्लोबल लेवल पर समस्याएं

आज भी बेटियों की जद्दोजहद किसी एक देश तक सीमित नहीं है। सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विपरीत हालात वैश्विक स्तर पर देखे जा सकते हैं। बाल विवाह हो या अशिक्षा, भ्रूणहत्या हो या कुरीतियां। किसी न किसी रूप में बेटियों के जीवन का दंश बना हुआ है। विकसित देशों से लेकर आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़े देशों तक, कहीं जागरूकता की कमी है, तो कहीं अति आधुनिक विचार बेटियों के जीवन को मुसीबत में डाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लड़कियों के सामने शिक्षा की कमी, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, कुपोषण, हिंसा और कानूनी अधिकार पाने से जुड़ी अनगिनत चुनौतियां कायम हैं। ऐसी बहुत-सी चुनौतियों को संबोधित करने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन दुनिया भर की लड़कियों को उनके हक दिलाने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से जुड़ा है।



इस दिन आगे बढ़ती बेटियों के योगदान का ग्लोबल उत्सव भी मनाया जाता है। बेटियों के सशक्त स्वर, उनके प्रभावी कार्यों और नेतृत्व क्षमता की चर्चा होती है। विशेष रूप से बेटियों की परवाह करने वाले लोग हर उस मोर्चे पर अवेयरनेस लाने का प्रयास करते हैं, जो उनके जीवन को सहज बना सके। संसार के हर कोने में समस्याओं का सामना करती बालिकाओं के लिए अपने अधिकार पाने और मन-जीवन से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करने का परिवेश बना सकें।

मिले बाल विवाह के दंश से मुक्ति

साल 2026 के लिए इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे की थीम 'एंड चाइल्ड मैरिज एंड इंवेस्ट इन गर्ल्स राइट्स' है। यह विषय लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले ऑर्गनाइजेशंस, दुनिया भर के आम नागरिकों और यूएन के पार्टनर्स द्वारा मिलकर तय किया गया है। यह मुहिम साझे प्रयासों से बाल विवाह को खत्म करने, लड़कियों के अधिकारों को बल देने और फाइनेंशियल कॉन्ट्रिब्यूशन करने के लिए सक्रियता से काम करने का उद्देश्य लिए है। बाल विवाह हमारे देश में ही नहीं, दुनिया भर में बेटियों के जीवन के लिए दंश बना हुआ है। हर साल विश्व में एक करोड़ बारह लाख लड़कियों की चाइल्ड मैरिज होती है। दुनिया के कई देशों में बेटियों की शादी एडल्ट होने से पहले ही करा दी जाती है। समझना कठिन नहीं, बाल विवाह के बाद जेंडर वॉयलेंस, कुपोषण, कम उम्र में मां बनने से प्रेग्नेंसी के कॉम्प्लिकेशन जैसी स्थितियां लड़कियों के हिस्से आती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग हर चार में से एक 15-19 वर्ष की लड़की ने अपने जीवनकाल में इंटीमेट पार्टनर की हिंसा झेली होती है। वैश्विक स्तर पर टीनएजर्स के एचआईवी संक्रमण के नए केसेस में 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं। इन स्थितियों में लड़कियों का सम्मान और स्वास्थ्य दोनों चोटिल होते हैं। पढ़ाई छूट जाती है। भविष्य बनाने के सपने टूट जाते हैं। सुखद है कि हमारे देश में अब बाल विवाह में कमी आई है। बेटियों का जीवन सहेजने के लिए बाल विवाह को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाना और पारिवारिक स्तर पर जवाबदेही तय करना आवश्यक है।

आशाओं को मिले संबल

यूनिसेफ की एक रिसर्च के अनुसार अनगिनत चुनौतियों से जूझने के बावजूद दुनिया भर की लड़कियां बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित और दृढ़ संकल्पित हैं। ग्लोबल लेवल पर बहुत-सी बालिकाएं सुरक्षित, सशक्त बनने के विजन को लेकर आगे बढ़ रही हैं। उनकी आशाओं को संबल देने की जरूरत है। a



कई समस्याओं का सामना कर रही हैं बालिकाएं

आमतौर पर यह मान लिया जाता है कि विकसित देशों में लड़कियों का जीवन बहुत सहज-सुविधाजनक है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न इन देशों में भी कई सामाजिक-पारिवारिक बंधन लड़कियों के हिस्से हैं। इतना ही नहीं, तकनीकी तरक्की के चलते इन देशों में लड़कियां साइबर बुलिंग की शिकार बनती हैं। टूटते परिवारों वाले आधुनिक समाज में बहुत-सी बच्चियां अकेलापन और एंग्जायटी भी झेलती हैं। कुछ समय पहले आई सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की 60 फीसदी लड़कियों ने लगातार उदास और हताश रहने की शिकायत की थी। इसी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की हर दस में एक से ज्यादा लड़की ने बताया कि उसे यौन धमकियां मिलीं और यौन संबंधों के लिए मजबूर किया गया। समझना मुश्किल नहीं कि दुनिया का कोई भी देश हो, बिखरी मनःस्थिति में बच्चियों का आपराधिक सोच वाले लोगों के जाल में फंसना बहुत आसान होता है। विकसित देशों में सिंगल पैरेंट के साथ बड़ी होती बेटियों में भावनात्मक असुरक्षा बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसे देश में भी जेंडर पे गैप की स्थितियां मौजूद हैं।

जो बिना कहे साथ निभाए वही है सच्चा रिश्ता

रिश्ते सिर्फ यह कह देने से 'हम आप से बहुत प्यार करते हैं' साबित नहीं होते, बल्कि उन अनकहे शब्दों से भी पहचाने जाते हैं, जब कोई बिना कुछ कहे साथ खड़ा रहता है, मुश्किल घड़ी में संबल बनता है। प्यार की असली खूबसूरती शब्दों से अधिक भरोसे में छिपी होती है। सच्चे रिश्ते की यही पहचान है।

रिलेशनशिप
वीरेंद्र बहादुर सिंह



अकसर आपने देखा होगा कि कुछ लोग हर समय प्यार और अपनेपन का इजहार तो करते रहते हैं, लेकिन मुश्किल समय में साथ नहीं दिखते। वहीं कुछ लोग कभी बड़े-बड़े वादे नहीं करते, लेकिन जरूरत पड़ने पर आपके साथ खड़े होते हैं। सच यही है कि सच्चे रिश्तों की पहचान शब्दों से नहीं, व्यवहार से होती है।

आकर्षण से ज्यादा विश्वास-अपनत्व है जरूरी: किसी नए रिश्ते की शुरुआत प्रायः किसी न किसी आकर्षण से होती है। हर आकर्षण के पीछे कोई न कोई वजह होती है। किसी का स्वभाव, व्यक्तित्व या समझदारी हमें उसकी ओर खींचती है। समय के साथ यदि ये वजहें बदलने लगें तो आकर्षण भी कम हो सकता है। लेकिन रिश्ता अगर केवल आकर्षण पर नहीं, विश्वास और अपनत्व पर टिका हो, तो वह लंबे समय तक बना रहता है।



'आई लव यू' के साथ जुड़ी होती हैं उम्मीदें: जब कोई 'आई लव यू' या 'मैं तुमसे करती हूं/प्यार करता हूं' कहता है, तो उसके साथ कई अनकही उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं। साथ निभाना, परवाह करना, मुश्किल समय में साथ खड़ा रहना और भावनाओं को समझना, ये सब प्रेम का हिस्सा हैं। परेशानी तब शुरू होती है, जब इन उम्मीदों/अपेक्षाओं पर कभी खुलकर बात ही नहीं होती।

अनकही शिकायतों से बढ़ती है रिश्तों में दूरी: अधूरी उम्मीदें धीरे-धीरे शिकायतों का रूप ले लेती हैं। इन शिकायतों को जल्द से जल्द आपसी बातचीत और समझदारी से हल किया जाना जरूरी है। शिकायतों को मन में दबाए रखने से सामने वाले को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका नहीं मिलता। इससे रिश्ते में नाराजगी और गलतफहमी का जाल फैलता जाता है, दूरी बढ़ने लगती है। रिश्तों में सबसे बड़ा संकट तब आता है, जब मन की बात मन में ही रह जाती है।

छोटी-छोटी गलतफहमियों से टूटते हैं रिश्ते: अधिकांश रिश्ते किसी एक बड़ी घटना से नहीं टूटते। वे छोटी-छोटी गलतफहमियों, गलत धारणाओं और संवाद की कमी से कमजोर होकर टूट जाते हैं। यदि हर छोटी बात या गलतफहमी को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए, तो प्रेम की जगह अविश्वास घर कर लेता है। कई बार यह अविश्वास रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है।

सच्चे प्रेम को प्रमाण की जरूरत नहीं होती: जो व्यक्ति आपको दिल से चाहता है, उसका अपनापन आपको स्वतः महसूस हो ही जाता है। वह चाहे कम बोले, लेकिन उसके व्यवहार में उसका प्रेम दिखाई देता है। उसी तरह जो केवल दिखावे का रिश्ता निभा रहा हो, उसकी सच्चाई भी समय के साथ स्पष्ट हो ही जाती है।

जताने से ज्यादा जरूरी है निभाना: जीवन में सबसे अनमोल रिश्ता वही होता है, जहां दिखावे से अधिक विश्वास हो, शब्दों से अधिक संवेदनाएं हों और वादों से अधिक साथ निभाने का साहस हो। आखिरकार, सच्चे रिश्ते बोलते नहीं, महसूस होते हैं।

खत्म नहीं होता सच्चा रिश्ता: लोग अलग हो सकते हैं, लेकिन रिश्तों की यादें, सीख और भावनाएं हमेशा साथ रहती हैं। कोई भी सच्चा रिश्ता समाप्त नहीं होता, समय के साथ केवल उसका स्वरूप बदल जाता है। a

घर पर ऐसे करें हेयर कलर



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आजकल महिलाओं में बालों को कलर करने का ट्रेंड बहुत देखने को मिल रहा है। जहां पहले सिर्फ सफेद बालों को काला करने के लिए कलर किया जाता था। लेकिन अब महिलाएं काले बालों को ग्लैमरस लुक देने के लिए भी उन्हें कलर करवा रही हैं। लेकिन केमिकल वाले कलर्स से बालों को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए बालों को नेचुरल कलर से रंगना चाहिए।

नेचुरल हेयर कलर: आजकल प्राकृतिक तत्वों और सब्जियों से बने कलर्स भी 'हेयर मस्कारे' के रूप में उपलब्ध हैं। हेयर मस्कारा कुछ हद तक क्रेयॉन की तरह होते हैं, जो बालों को 'स्ट्रीक' करने के लिए किए जाते हैं। यह काफी प्रभावी रूप से सफेद बालों को छिपाते हैं। ये बालों को ग्लैमरस लुक देते हैं और सामान्य बालों से अलग लुक देने में भी मदद करते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये बालों की संरचना और बनावट को होने वाले नुकसान से बचाते हैं।



ऐसे बनाएं हेयर कलर: हालांकि बाजार में हर्बल उत्पादों से बने नेचुरल कलर तो मिल जाते हैं लेकिन ये थोड़े महंगे होते हैं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं। कलर पेस्ट बनाने के लिए गुनगुने पानी में मेहंदी और कत्था जैसे नेचुरल कलरेंट मिलाएं। इसके बाद रबर के दस्ताने पहनकर समान रूप से ऊपर से नीचे तक बालों पर लगाएं। 3 घंटे के लिए रंग लगा हुआ छोड़ दें। इसके बाद अच्छी तरह साफ पानी से धो लें।

फायदेमंद है आंवला: आंवला सफेद बालों को नियंत्रित करने के लिए उत्तम माना जाता है। कच्चे आंवले का रस एक पानी के गिलास में डालकर रोज पीने से सफेद बालों को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही आंवला, मेहंदी पावडर में मिलाकर लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि मेहंदी सफेद बालों को रंगती है, न कि काले बालों को। इसका पेस्ट बनाने के लिए रात को 2 से 3 कप पानी में रात भर सूखा आंवला भिगोकर रख दें। अगली सुबह, आंवला पानी से निकाल लें। इसके बाद पानी फेंकना नहीं है। अब आंवला पीस लें। इसके बाद मेहंदी पावडर में आंवला पेस्ट, 4 छोटे चम्मच नीबू का रस, कॉफी, 2 चम्मच तेल और पर्याप्त आंवले का पानी मिलाएं। दो से तीन घंटे के लिए पेस्ट बनाकर रख दें। फिर पूरे बालों में इस तरह लगाएं कि सारे बाल कवर हो जाएं। कम से कम दो घंटे के लिए रखें और सादे पानी से धो लें।



इस तरह लगाएं मेहंदी: सबसे पहले ध्यान रखें कि मेहंदी पावडर अच्छी गुणवत्ता की हो। यह गहरे हरे रंग की होनी चाहिए। हेयर हेल्थ को अच्छा करने और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेहंदी के साथ आंवले, ब्राह्मी, भृंगराज, बेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। मेहंदी बहुत अच्छा कंडीशनर होता है और बालों को सुरक्षा के साथ मजबूती भी प्रदान करता है। a

व्रत में ऐसी हो आपकी डाइट

आने वाले नवरात्रों में आप व्रत जरूर रखेंगी। व्रत के दौरान सिर्फ अन्न से दूरी बनाना ही काफी नहीं है। शरीर को पर्याप्त ऊर्जा और पोषण मिले, इसके लिए सही आहार का सेवन करना भी जरूरी है।

डाइट सजेशन
निकिता चौहान



अधिकतर महिलाएं नवरात्र व्रत रखती हैं। अकसर लोग व्रत के दौरान फलाहार के नाम पर तली-भुनी चीजें, साबूदाना, आलू और मीठे खाद्य पदार्थ अधिक मात्रा में खाने लगते हैं। इससे सेहत को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार की कमी से कमजोरी, सिरदर्द, एसिडिटी, कब्ज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि व्रत के दौरान ऐसी डाइट ली जाए, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ पोषण भी दे। नवरात्र में व्रत का उद्देश्य केवल भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि संयम के साथ शरीर और मन का ध्यान रखना भी है। संतुलित फलाहार, पर्याप्त पानी और सही मात्रा में पोषक तत्व लेकर आस्था के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जा सकता है।

बनाए रखें हाइड्रेशन: नवरात्र के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। दिनभर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें। इसके अलावा नारियल पानी, नीबू पानी, छाछ जैसे पेय भी डाइट में शामिल किए जा सकते हैं। बहुत अधिक चीनी वाले पेय और पैकेज्ड जूस से बचना बेहतर है।

फल-सब्जियों का सेवन: व्रत की डाइट में मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करना अच्छा विकल्प है। सेब, पपीता, संतरा और अमरूद जैसे फल खाए जा सकते हैं। फलों के जूस की बजाय पूरा फल खाना बेहतर रहता है, क्योंकि इससे फाइबर भी मिलता है। दिनभर एक साथ ज्यादा खाने की बजाय छोटे और संतुलित मील लेना अधिक बेहतर है।

कुट्टू, सिंघाड़ा और सामक से मिले ऊर्जा: व्रत में कुट्टू या सिंघाड़े के आटे की रोटी और चीला लिया जा सकता है। इसके साथ दही या सब्जियां शामिल करने से भोजन अधिक संतुलित हो जाता है। सामक के चावल भी सीमित मात्रा में खाए जा सकते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, दही और पनीर ले सकते हैं।

तली-भुनी चीजों से बनाएं दूरी: साबूदाने की खिचड़ी, वड़ा, आलू चिप्स, कुट्टू की पूड़ी और पकौड़े व्रत में खूब पसंद किए जाते हैं। इनका अधिक सेवन कैलोरी बढ़ाने के साथ पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है।

नमक-चीनी का सीमित सेवन: व्रत में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी मात्रा पर भी नियंत्रण जरूरी है। चाय, कॉफी, मीठी लस्सी और अन्य मीठे पेय का भी अधिक सेवन नहीं करना चाहिए।

व्रत खोलते समय बरतें सावधानी: व्रत खोलते ही बहुत ज्यादा या भारी, मसालेदार और तला-भुना भोजन करने से बचें। शुरुआत हल्के भोजन, फल या दही से की जा सकती है। भोजन धीरे-धीरे और अच्छी तरह चबाकर खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर अचानक अधिक भार न पड़े।

बरतें ये विशेष सावधानी: डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी या हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित लोगों को बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक उपवास नहीं करना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बुजुर्गों तथा नियमित दवा लेने वाले लोगों को भी व्रत रखने से पहले डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेनी चाहिए। a

(सीनियर डाइटिशियन डॉ. आस्था शर्मा से बातचीत पर आधारित)



चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह



रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज



टोकियो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।



इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज से भारत-वेस्टइंडीज पहला टी20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।





नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप



बधिर प्रीमियर लीग: कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

विश्व एथलेटिक्स में शामिल अहमदाबाद मैराथन



अहमदाबाद। अडाणी अहमदाबाद मैराथन को 29 नवंबर को होने वाले इसके 10वें संस्करण से पहले विश्व एथलेटिक्स वैश्विक कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है और अब इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग के लिए अंक मिलेंगे। अहमदाबाद मैराथन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी शुरुआत कुछ हजार प्रतिभागियों के साथ हुई थी जबकि पिछले साल इसमें 24000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस मान्यता से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय रोड-रेसिंग कैलेंडर में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैराथन का आयोजन करने से इस प्रतियोगिता को यह मान्यता मिली। यह मान्यता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित



तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।

प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर



वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।

हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे।

टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं।

वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू



लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।

बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

क्लाउडिया पिना के चार गोल की मदद से बार्सिलोना ने महिला लालिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियाल मैड्रिड को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच को देखने के लिए 40,533 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे, जो महिला लालिगा में रिकॉर्ड है।

पिना ने कैम्प नोउ स्टेडियम में खेले गए मैच में अपने सभी गोल हाफ टाइम से पहले किए। उनके अलावा कैरोलिन ग्राहम हैनसेन, ईवा पजोर और सिडनी शेर्टेनलीब ने भी गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। इन दोनों क्लबों के बीच अब तक खेले गए 26 मैचों में से बार्सिलोना ने 25 मैच जीते हैं। पिना बार्सिलोना की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने रियाल मैड्रिड के खिलाफ मैच में चार गोल किए।



नेशंस लीग: गोंकालो रामोस ने किया विजयी गोल

पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।



डेनमार्क ने वेल्स को हराया

वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। होजलुंड की सधी हुई पेनल्टी ने डेनमार्क को इस कैंपेन की दूसरी जीत दिलाई और वेल्स के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को पांच मैचों तक बढ़ा दिया। वेल्स ने मैच की शुरुआत अच्छी की और गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए बेनन जॉनसन और लुईस कौमास के जरिए कई हमले किए। हालांकि, धीरे-धीरे डेनमार्क ने वापसी की और हाफ-टाइम से पहले गुस्ताव इसाकसेन और ओलिवर प्रोवस्टगार्ड गोल करने के करीब पहुंच गए।

नीदरलैंड्स ने सर्बिया को दी मात

आइंधोवन में नीदरलैंड्स ने सर्बिया को 2-1 से हराया। टीम की जीत में जोशुआ जर्कजी का गोल अहम रहा। इस जीत के साथ जावी हर्नांडिज की कोचिंग में नीदरलैंड्स की टीम अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखने में सफल रही। नीदरलैंड्स ने मैच के पहले 30 मिनट में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और बढ़त हासिल कर ली। ट्यूण कूपमीनर्स की फ्री-किक खिलाड़ियों की भीड़ के बीच से निकलते हुए सीधे गोल में पहुंची। इसके बाद सर्बिया के मिहाजलो श्वेतकोविच ने हेडर से गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इस गोल के साथ यह सिलसिला जारी रहा कि नीदरलैंड्स ने अब तक अपने हर मैच में गोल किया है, लेकिन हर मैच में गोल भी खाया है। मैच खत्म होने से 19 मिनट पहले जोशुआ जर्कजी ने करीब से शानदार गोल कर नीदरलैंड्स को फिर बढ़त दिला दी। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में दो जीत और दो ड्रॉ का रिकॉर्ड कायम रखा और अपनी अजेय लय बरकरार रखी है।

हाईकोर्ट ने कहा, फैसला आने के बाद क्षेत्राधिकार का पैंतरा खारिज

पूरी सुनवाई में शामिल होकर अब क्षेत्राधिकार पर सवाल नहीं उठा सकते

जबलपुर। फैमिली कोर्ट में लंबी सुनवाई चली, पति महोदय ने हर तारीख पर पूरी मुस्तैदी से हाजिरी भरी। जब पत्नी के पक्ष में 3,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण का आदेश आ गया, तब अचानक उन्हें ख्याल आया कि अदालत के पास तो इस मामले की सुनवाई का अधिकार ही नहीं था! मप्र हाईकोर्ट ने पति के इस लीगल पैंतरे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने साफ शब्दों में संदेश दिया है कि पूरी कानूनी प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और आदेश जारी होने के बाद आप कोर्ट के अधिकार क्षेत्र पर सवाल नहीं उठा सकते।

मामला मंडला निवासी महेश अहिरवार का है, जिनका विवाह 7 मई 2017 को हुआ था। फरवरी 2018 से विवाद के बाद पत्नी अलग रहने लगी और उसने भरण-पोषण की गुहार लगाई। मंडला फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने 3 जनवरी 2020 को पत्नी को 3,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश सुनाया। फैमिली कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देने जबलपुर हाईकोर्ट पहुंचे पति ने तर्क दिया कि दोनों पक्ष मंडला के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 लागू होने के कारण इस केस की सुनवाई फैमिली कोर्ट के बजाय



ग्राम न्यायालय में होनी चाहिए थी। हाईकोर्ट द्वारा मंगवाई गई रिपोर्ट में भी दोनों के ग्रामीण क्षेत्र के निवासी होने की बात आई। सुनवाई के बाद जस्टिस डीडी बंसल की बेंच ने मामले की नब्ज पकड़ते हुए कहा कि यदि किसी पक्ष को अदालत के क्षेत्रीय अधिकारिता पर कोई एतराज था, तो उसे कार्यवाही की शुरुआत में ही यह मुद्दा उठाना चाहिए था। निचली अदालत में पूरी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के बाद, केवल हारने पर पुनरीक्षण के स्तर पर ऐसी तकनीकी आपत्ति उठाना कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने मंडला फैमिली कोर्ट के भरण-पोषण के आदेश को पूरी तरह बरकरार रखते हुए पति की याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट को गुमराह करना पड़ा भारी

रेत ठेकेदार के खिलाफ याचिका लगाने वाले पर 50 हजार जुर्माना

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने निजी व्यावसायिक विवाद को जनहित का रूप देकर न्यायालय की प्रक्रिया का इस्तेमाल करने पर सख्ती दिखाई है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सहकार ग्लोबल लिमिटेड के खिलाफ दायर याचिका निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये की लागत लगाई। सीधी निवासी मनीष सिंह ने आरोप लगाया था कि शहडोल और सिंगरौली में रेत खनन का ठेका संचालित करने वाली कंपनी ने उनके ट्रक के नाम पर 17 फर्जी ई-ट्रांजिट पास जारी किए। साथ ही कंपनी के अनुबंध को निरस्त करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी कंपनी के अधिवक्ता पर भी सुनवाई टलवाने और रेत हटाने का अवसर देने जैसे आरोप लगाए गए। हाईकोर्ट ने जांच कराई, जिसमें आरोप सही नहीं पाए गए। कोर्ट ने अधिवक्ता के खिलाफ पूर्व प्रतिकूल टिप्पणियां वापस लेते हुए जांच समाप्त कर दी। कोर्ट ने पाया कि विवाद मूलतः याचिकाकर्ता और कंपनी के बीच परिवहन कार्य से जुड़ा निजी विवाद था। कंपनी ने बताया कि करीब 20 माह में 2,93,797 ईटीपी जारी हुए, जबकि केवल 17 को चुनौती दी गई। कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 226 का मंच निजी विवाद निपटाने के लिए नहीं है और याचिकाकर्ता स्वच्छ हाथों से अदालत नहीं आया। 25-25 हजार रुपये की दो लागत सहित 50 हजार रुपये चार सप्ताह में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा करने का आदेश दिया गया। कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ और राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने पैरवी की।

विवाहित पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित करना उचित नहीं, हाईकोर्ट ने निरस्तीकरण आदेश किया रद्द

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में विवाहित पुत्री के अनुकंपा नियुक्ति आवेदन को केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर अस्वीकार किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक सिंह की सिंगल बेंच ने विभाग को प्रकरण में नियमानुसार पुनर्विचार कर पात्रता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। बालाघाट जिला निवासी याचिकाकर्ता दीप्ति बिसेन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शिक्षा विभाग ने उनके अनुकंपा नियुक्ति आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। जिसके विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। न्यायालय ने मामले के तथ्यों और लागू विधिक प्रावधानों पर विचार करते हुए विभाग के अस्वीकृति आदेश को निरस्त कर दिया। यह निर्णय उन विवाहित पुत्रियों के लिए महत्वपूर्ण बताता जा रहा है, जिन्हें केवल विवाह हो जाने के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से वंचित किया जाता है।

पंजाब नेशनल बैंक के मामलों पर कोर्ट का सख्त फैसला

चेक बाउंस मामलों में एक को 1 साल, दूसरे को चार माह की सजा

जबलपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डॉ. गौरव गर्ग की अदालत ने दो अलग-अलग चेक बाउंस मामलों में आरोपियों को दोषी करार देते हुए कारावास और मुआवजे का दंड सुनाया है। दोनों ही मामलों में परिवादी पंजाब नेशनल बैंक शाखा रामपुर चौक की ओर से कानूनी कार्रवाई की गई थी। एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को एक वर्ष व दूसरे मामले में आरोपी को चार माह की सजा सुनाई है।दोनों मामलों में न्यायालय ने आरोपियों को परिवीक्षा का लाभ देने से इंकार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर केंद्रीय जेल, जबलपुर भेजने का वारंट जारी किया।

गोरखपुर के अरुण कुमार श्रीवास ने पंजाब नेशनल बैंक से व्यावसायिक ऋण प्राप्त किया था। ऋण चुकता करने के अंशिक भुगतान हेतु उसने 7,20,000 रुपये का चेक जारी किया था। बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक बाउंस हो गया। राशि का भुगतान न करने पर बैंक ने परिवाद दर्ज कराया। अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, धारा परिवादी बैंक को 10,82,000 रुपये प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया। प्रतिकर न देने पर 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। दूसरे मामले में आरती पासी, निवासी रामपुर ने वर्ष 2018 में बैंक से 2,00,000 रुपये का लोन लिया था। आंशिक भुगतान के लिए दिया गया 25,737 रुपये का चेक बाउंस हो गया। समयावधि के भीतर भुगतान न करने पर अदालत में परिवाद पेश किया गया। साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर अदालत ने आरोपी को 4 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई तथा परिवादी को 42,000 रुपये का प्रतिकर 1 महीने के भीतर चुकाने का आदेश दिया। डिफ़ॉल्ट की स्थिति में 3 माह का पृथक कारावास तय किया गया है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240